संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

09 दिसंबर 2025, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 075
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## झारखंड में बढ़ेगी ठंड

**रांची ।** झारखंड में न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिनों में राज्य भर में ठंड और बढ़ सकती है। विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक नीचे जा सकता है, जिससे कनकनी और तेज हो जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार, पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से एक निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है।

# उधवा झील में साइबेरियन व विदेशी पक्षियों का शुरू हो चुका है आगमन

## •उधवा पक्षी आश्रयाणी का डीएफओ ने किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**साहिबगंज ।** वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने सोमवार को उधवा पक्षी आश्रयाणी का स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में मौजूद वन कर्मियों से विस्तृत जानकारी ली और कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए .मौके पर वन रक्षी पप्पू यादव , राजेश टुडू एवं सनी रजक मौजूद थे.निरीक्षण के दौरान डीएफओ ने बताया कि इस वर्ष उधवा झील में साइबेरियन एवं विभिन्न विदेशी पक्षियों का आगमन शुरू हो चुका है. जिससे क्षेत्र की सुंदरता और पर्यटक आकर्षण में वृद्धि हुई है. दूर-दूर से आने वाले प्रवासी पक्षी झील के पारिस्थितिकी तंत्र को समृद्ध करते हैं




और स्थानीय लोगों के लिए प्रकृति पर्यटन का नया अवसर प्रस्तुत करते हैं.

डीएफओ ने कहा कि झील के अंदर



या उसके आसपास किसी भी तरह के पक्षी शिकार सख्त वर्जित है. यदि



कोई व्यक्ति शिकार करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई की जाएगी. जिसमें 7 साल तक की सजा या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, अथवा दोनों का प्रावधान है. उन्होंने टीम को गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया एवं सम्पर्क सूत्र जारी किये.विभाग द्वारा सम्पर्क सूत्र - 9955382294 एसबीओ उधवा एवं 8084228359 आरएफओ तालझारी जारी किये गये है.उधवा झील में इन दिनों पर्यटक शिकारा राइड का भरपूर आनंद ले रहे हैं. शांत झील, प्रवासी पक्षियों की चहक और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है. वन विभाग ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से अपील की है कि वे क्षेत्र की स्वच्छता बनाएं रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें.वन विभाग द्वारा जारी इन निर्देशों का उद्देश्य प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उधवा झील को एक सुरक्षित एवं आकर्षक पक्षी आवास बनाए रखना है.

# झारखंड विस में 7721 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट पेश

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को 7721 करोड़ रुपये का द्वितीय अनुपूरक बजट वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सदन में पेश किया। बजट प्रस्तुत होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले कार्यवाही दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के विधायक छात्रवृत्ति की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। वे नारेबाजी कर रहे थे और मेजें पीट रहे थे। विपक्ष के हाथों में मौजूद पोस्टरों को मार्शलों ने जब्त कर लिया। अध्यक्ष ने शून्यकाल चलने देने की अपील की, लेकिन विपक्ष इसके लिए तैयार नहीं हुआ।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है, कई छात्र अपनी फीस भरने के लिए होटल में प्लेट धोने को मजबूर हैं, सरकार किसानों का धान नहीं खरीद रही, जिससे किसान 1500-1600 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान बेचने को विवश हैं।

उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर सदन में चर्चा होनी आवश्यक है। साथ ही आरोप लगाया कि शून्यकाल में उठाए गए प्रश्नों का अधिकारी उचित जवाब नहीं दे रहे। वहीं मंत्री सुदिव्य सोनू ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि छात्रवृत्ति में देरी के लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है, क्योंकि केंद्र से मिलने वाला फंड राज्य सरकार को उपलब्ध नहीं कराया गया है। उन्होंने विपक्ष पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप भी लगाया और पूछा कि यदि विपक्ष को छात्रों की चिंता है तो वह केंद्र सरकार के सामने विरोध क्यों नहीं दर्ज करा रहा।

## सदन में भ्रामक जानकारी न दें प्रदीप यादव : इरफ़ान



**रांची ।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को कांग्रेस के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने सदन में हंसडीहा अस्पताल में हुई करोडों रुपये की चोरी का मामला उठाया और सरकार से मामले के दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की।

वहीं बाद में मामले पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आपत्ति जताई। उन्होंने प्रदीप यादव के आरोपों को पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन बताया। मंत्री ने कहा कि मामला सामने आते ही तुरंत कार्रवाई की गई और मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

किसी भी स्तर पर मिलीभगत का कोई प्रमाण नहीं मिला है। मंत्री ने कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। मंत्री ने प्रदीप यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सदन में इस तरह की भ्रामक और बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई जानकारी रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदीप यादव उनके वरिष्ठ नेता हैं और उनकी बातों को लोग महत्व देते हैं। ऐसे में तथ्यों पर आधारित बयान ही सदन की गरिमा के अनुरूप होता है। उन्होंने कहा कि गलत आंकड़ों से न केवल विपक्ष को मुद्दा मिलता है, बल्कि सरकार की छवि भी प्रभावित होती है।

## बाबूलाल ने छात्रवृति व धान खरीद का मुद्दा सदन में उठाया

### भाजपा विधायकों का चर्चा की मांग को लेकर वेल में हंगामा



**रांची ।** झारखंड विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन 12 बजे दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू हुई। शून्यकाल में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने छात्र-छात्राओं को छात्रवृति नहीं मिलने और किसानों की धान खरीद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई महीनों से छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।वे फीस जमा करने के लिए होटल में प्लेट धोने का काम कर रहे हैं।इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसान धान काटकर घर ले आए हैं और मजबूरन उन्हें बिचौलियों को 15-16 रुपए किलो धान बेचना पड़ रहा है। सबसे पहले इस पर चर्चा की जानी चाहिए।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि शून्यकाल में जिन मुद्दों पर चर्चा होती है, सरकार के पदाधिकारी उसके जवाब भी नहीं देते हैं। इस बीच भाजपा के सभी विधायक वेल में आ गए और हंगामा करने लगे।बीजेपी विधायक छात्रवृत्ति और धान खरीद पर चर्चा की मांग कर रहे हैं।हंगामा होता देख विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि शून्यकाल को बाधित करना उचित नहीं है।इसके बावजूद भाजपा विधायक वेल में हंगामा करते रहे।

# वंदे मातरम वह ताकत है, जिसने अंग्रेजों की नींव हिलाकर रख दी : नरेंद्र मोदी

### अंग्रेजों ने भारत को बांटने के लिए प. बंगाल को चुना



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर संसद की शीतकालीन सत्र के दौरान सोमवार को लोकसभा में चर्चा शुरू हुई है। सुबह प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने इस चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेज भारत को बांटने की कोशिश कर रहे थे, तब वंदे मातरम् ने ही उन्हें रोक रखा था। इस मुद्दे पर लोकसभा में 10 घंटे का समय तय किया है। मंगलवार को राज्यसभा में राष्ट्रगीत के मुद्दे पर चर्चा होगी, जिसकी शुरुआत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करने वाले है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत को बांटने के लिए पश्चिम बंगाल को चुना था। उन्होंने कहा, अंग्रेज समझ गए थे कि 1857 के बाद लंबे समय तक भारत में टिकना उनके लिए मुश्किल हो गया था। जिस प्रकार से वे अपने सपने लेकर आए थे, तब उन्हें लगा कि जब तक भारत को बाटेंगे नहीं, तब भारत को टुकडों में नहीं बाटेंगे, भारत में ही लोगों को एक दूसरे से लड़ाएंगे नहीं, तब तक भारत में राज करना मुश्किल है।

## वंदेमातरम हमारे लिए पवित्र, सरकार ध्यान भटकाने के लिए करा रही चर्चा : प्रियंका



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सदस्य प्रियंका गांधी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार पर लोगों का ध्यान भटकाने और संसद का कीमती समय व्यर्थ की बहस में बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वंदेमातरम कांग्रेस के लिए पवित्र है और पार्टी इसके महत्व को स्वीकार करती है। सरकार का मकसद फिर भी चर्चा कराने का यह है कि वे आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले नेताओं पर नए आरोप लगा सके और दूसरा की जल्द ही बंगाल में चुनाव आ रहे हैं। प्रियंका ने कहा कि नरेन्द्र मोदीजी जितना समय प्रधानमंत्री रहे हैं, उतना समय नेहरूजी ने जेल में गुजारा है। प्रियंका ने सत्ता पक्ष को सलाह दी कि नेहरू जी पर सभी शिकायतों पर एक साथ चर्चा करा दी जाए ताकि उसके बाद जनता का कीमती समय उनकी समस्या के समाधान के लिए इस्तेमाल हो।

# इंडिगो ने 1800 से ज्यादा फ्लाइट शुरू कीं, यात्रियों को लौटाए 827 करोड़ रुपये और 4500 बैग

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने पिछले एक हफ्ते से बाधित ऑपरेशनल संकट सोमवार को फिर से बहाल कर दिया। कंपनी ने आज 500 फ्लाइट्स रद्द की हैं, जबकि देश भर के पूरे नेटवर्क में 1,800 से ज्यादा उड़ानों का परिचालन शुरू हो गया है। एयरलाइन ने कुल 9000 बैग में से 4500 बैग यात्रियों को सौंप दिए। बाकी बैग अगले 36 घंटों में यात्रियों को दे दिए जाएंगे। कंपनी ने यात्रियों को 827 करोड़ रुपये लौटाए हैं। इस बीच, इंडिगो के शीर्ष अधिकारियों को डीजीसीए की बनाई हाई लेवल कमेटी ने समन भेजा है। एयरलाइन ने आज एक बयान में हाल की दिक्कतों के बाद पूरे नेटवर्क में काफी सुधार दर्ज करने का दावा किया है। कंपनी 1800 से ज्यादा फ्लाइट्स ऑपरेट करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिससे सभी ऑपरेशनल स्टेशन कनेक्ट हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि हमने अपने ऑपरेशन्स को ऑप्टिमाइज किया है और कस्टमर्स को पहले से बताई जाने वाली कैंसलेशन की संख्या को कम करने में कामयाब रहे हैं ।

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से 51 लाख की ठगी

### पति-पत्नी को हाउस अरेस्ट कर रखा, फिर रकम ट्रांसफर कराए

**संवाददाता**

**कोडरमा ।** जिला मुख्यालय कोडरमा निवासी और सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी है। साइबर फ्रॉड के इस मामले में बैंक ऑफ इंडिया से रिटायर्ड सुरेश प्रसाद गुप्ता से यह कहकर कि आपके नाम से खुले नए खाता से अवैध लेनदेन और मनी लॉन्ड्रिंग हुआ है, उन्हें पत्नी समेत पूरे दो दिन तक ऑनलाइन हाउस अरेस्ट करके रखा गया और फिर फर्जी कोर्ट, अधिकारी, वकील दिखाकर मध्य प्रदेश के एक अकाउंट में 51 लाख रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में इनके जरिये कोडरमा थाना में मामला दर्ज कराया गया।

थाना को दिए आवेदन में सुरेश प्रसाद गुप्ता ने कहा है कि उन्हें मोबाइल से आयशा पटेल ने फोन कर बताया कि मेरे आधारकार्ड से नया मोबाइल लिया गया है। इस मोबाइल नम्बर से कैनरा बैंक दिल्ली में अकाउंट खोला गया है, जिसमें अवैध लेनदेन एवं मनी लॉन्ड्रिंग हुआ है। उन्हें बताया गया कि नरेश गोयल के साथ मिलकर दो महीने में 6.50 करोड का लेनदेन व मनी लॉन्ड्रिंग किया है। उसके बाद मोबाइल से यह बोला गया कि दिल्ली पुलिस तथा सीबीआई अधिकारी विजय खन्ना एवं सीबीआई एसपी समाधान पवार के द्वारा हाउस अरेस्ट पर रखा गया है।



इस दौरान इन्हें वीडियो कॉल पर रखा गया और किसी से भी मिलने या बात करने से मना किया गया। फिर 2 दिसम्बर को सुबह 9 बजे सीबीआई जज के सामने पति पत्नी को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हाजिर कराया गया। इस दौरान गुप्ता एवं उनकी पत्नी के बैंक में जमा रकम, गोल्ड, शेयर आदि की जानकारी देने को कहा। आदेश नहीं मानने पर जेल जाने एवं वारंट जारी करने कहकर डराया गया। फोन कर बैंक में जमा राशि की जानकारी ली और कहा कि अपना सभी एफडी तोडकर अपने खाता में जमा कर खाता की डिटेल भेज दीजिए ताकि आपके खाता की जांच कर सकें। गुप्ता ने सभी एफडी तोड कर अपने अकाउंट में जमा किया। उसके बाद उनके कहे अनुसार 2 दिसम्बर को ही 42 लाख और 9 लाख यानि कुल 51 लाख रुपये मध्य प्रदेश के सेंधवा ब्रांच स्थित अकाउंट में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। वह अकाउंट पतिमो पीएम इस्टेट्स एलएलपी के नाम से है। इस मामले में साइबर फ्रॉड के बाद श्री गुप्ता ने कुल 51 लाख की ठगी होने का मामला दर्ज कराया है।

# श्रवण जालान के ठिकानों पर छापेमारी, कई सामान जब्त

**संवाददाता**

**रांची ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जेल में बंद आईएएस विनय चौबे के करीबी और व्यवसायी श्रवण जालान के यहां छापेमारी में कई सामान जब्त किए हैं। इनमें तीन मोबाइल फोन और जमीन से संबंधित दस्तावेज के अलावा कुछ डिजिटल साक्ष्य शामिल हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) फिलहाल मोबाइल फोन और डिजिटल साक्ष्य को खंगालने में जुटी है। छापेमारी के दौरान श्रवण जालान अपने आवास पर मौजूद नहीं थे। जब तक छापेमारी चलती रही तब तक वह अपने घर और कार्यालय नहीं आए, इसलिए अब एसीबी उन्हें नोटिस जारी कर सकती है। उल्लेखनीय है कि सोमवार की सुबह झारखंड एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चर्चित व्यवसायी श्रवण जालान के घर और ऑफिस सहित अन्य ठिकानों पर




छापेमारी की थी। जिस मामले में श्रवण जालान के ठिकानों पर रेड हुई है, वह आईएएस विनय चौबे से जुड़ा हुआ शराब घोटाला केस बताया गया है। एसीबी को इस बात की जानकारी मिली है कि विनय चौबे ने अपनी अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा श्रवण जालान के माध्यम से अलग-अलग जगहों पर इन्वेस्ट किए हैं।

इससे पहले एसीबी की टीम ने रविवार को विनय चौबे की पत्नी स्वप्ना संचिता से 10 घंटे तक पूछताछ की थी। इसके साथ ही एजेंसी ने विनय चौबे के करीबी विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह की तलाश में बिहार के लखीसराय में भी छापेमारी की थी।

# मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में करोड़ों की चोरी, जांच टीम गठित

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**हंसडीहा, (दुमका) ।** हंसडीहा थाना क्षेत्र में स्थित मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में हाल ही में हुई करोड़ों रुपये की चोरी की घटना को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने अस्पताल परिसर का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान, एसपी ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों, जैसे वार्ड, स्टोर रूम, ऑक्सीजन प्लांट और उपकरण कक्ष का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों से मामले की विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने पाया कि अस्पताल से मुख्य रूप से तांबे के तार से बने उपकरण और कई अन्य महंगे संसाधन चोरी हो चुके हैं।



मामले की गंभीरता को समझते हुए, एसपी खेरवार ने घोषणा की कि चोरी में शामिल अपराधियों की पहचान और त्वरित कार्रवाई के लिए जल्द ही एक विशेष जांच टीम का गठन किया जाएगा।

उन्होंने इस घटना को केवल चोरी का मामला नहीं, बल्कि सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान और घोर लापरवाही से जुड़ा मुद्दा बताया। उन्होंने स्थानीय पुलिस को तत्काल प्रभाव से आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एसपी के निरीक्षण के बाद से स्थानीय प्रशासन और पुलिस महकमे में हलचल तेज हो गई है। निरीक्षण के समय जरमुंडी थाना प्रभारी, हंसडीहा थाना प्रभारी और तकनीकी शाखा की टीम मौजूद थी।

# मुख्यमंत्री से मिले विनोबा भावे विवि के कुलपति

## पुस्तक भेंट कर दी गयी जानकारी

**संवाददाता**

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कुलपति चन्द्र भूषण शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। कुलपति ने मुलाकात के दौरान अपनी स्वलिखित पुस्तक शिक्षा, समाज और राजनीति मुख्यमंत्री को भेंट की।उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों और विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को प्रदान की। बातचीत के दौरान विश्वविद्यालय से



संबंधित कई मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# मदरसा शिक्षकों की पेंशन-ग्रेच्युटी पर हाईकोर्ट सख्त, प्रधान सचिव तलब

**संवाददाता**

**रांची ।** मदरसा शिक्षक के पेंशन और ग्रेच्युटी से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर सख्त रुख अपनाया है।जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सोमवार को मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से पूछा कि 13 जून 2024 को दिए गए आदेश का अब तक अनुपालन क्यों नहीं किया गया। अदालत ने राज्य के अधिवक्ता से यह स्पष्ट करने को कहा कि किस परिस्थिति में आदेश लागू नहीं किया गया। सरकारी पक्ष की ओर से कोई जवाब पेश नहीं हुआ। पूर्व में भी कोर्ट ने सरकार को जवाब दायर करने का निर्देश दिया था, परंतु कोई कार्रवाई नहीं की गई।इस पर नाराजगी जताते हुए अदालत ने शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव और निदेशक माध्यमिक शिक्षा को अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी बताएं कि आदेश का पालन क्यों नहीं किया गया और उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2014 के बाद मदरसा शिक्षकों को पेंशन और ग्रेच्युटी लाभ से वंचित करने का संकल्प जारी किया था। इस संकल्प को हाईकोर्ट ने पूर्व में रद्द करते हुए लाभ देने का आदेश दिया था।

## फर्जी नक्सल सरेंडर मामले में एक सप्ताह में विस्तृत जवाब तलब

**रांची ।** झारखंड के बहुचर्चित फर्जी नक्सल सरेंडर मामले में झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामला 2014 में दिग्दर्शन इंस्टीट्यूट के माध्यम से 514 छात्रों को नक्सली बताकर कथित तौर पर फर्जी तरीके से सरेंडर कराया गया था, जिस पर अभी तक कार्रवाई लंबित है। झारखंड काउंसिल फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स द्वारा दायर जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की पीठ ने कड़ा रुख अपनाया। कोर्ट के आदेश पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तदाशा मिश्रा सशरीर उपस्थित हुए। अदालत ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सवाल किया कि वर्ष 2021 में आदेश पारित होने के बावजूद अब तक राज्य पुलिस और सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की। डीजीपी ने कोर्ट से माफी मांगते हुए कहा कि गलती हुई है और समय देकर जल्द विस्तृत जवाब दायर किया जाएगा। 15 को होगी अगली सुनवाई अदालत ने अगली सुनवाई 15 दिसंबर निर्धारित की है और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बायो मेडिकल वेस्ट पर हाईकोर्ट गंभीर, 15 को विस्तृत सुनवाई

**रांची ।** रांची के रिम्स से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट को सामान्य कचरे में मिलाने के मुद्दे पर हाईकोर्ट ने गंभीर रुख अपनाया है। अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के सरकारी और निजी अस्पतालों में बायो मेडिकल वेस्ट के नियमानुसार निष्पादन को लेकर ह्यूमन राइट कॉन्फ्रेंस नामक संस्था द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की है। अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 15 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।पूर्व में कोर्ट के आदेश के आलोक में रिम्स की ओर से शपथपत्र दायर कर जवाब प्रस्तुत किया गया था। जवाब में रिम्स प्रबंधन ने बताया कि बायो मेडिकल वेस्ट और कचरे के निष्पादन के लिए टेंडर जारी किया जा चुका है। इस पर अदालत ने रिम्स से यह स्पष्ट करने को कहा कि टेंडर में क्या ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जिनसे रिम्स से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट और सामान्य कचरे को अलग-अलग तरीके से निष्पादित किया जा सके।

# सरकार अब 2450 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदेगी धान

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में सोमवार को 33 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक की अध्यक्षता हेमंत सोरेन ने की। बैठक में धान खरीद दर से लेकर अवकाश, मेला-महोत्सव, सड़क निर्माण, विश्वविद्यालयों, स्वास्थ्य और खनन से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने सोमवार को बताया कि राज्य सरकार अब किसानों से 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी करेगी। इसमें राज्य सरकार की ओर से प्रति क्विंटल 100 रुपये की विशेष सहायता भी शामिल है। कैबिनेट ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 और आगामी खरीफ विपणन वर्षों में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति के लिए झारखंड राज्य धान अधिप्राप्ति योजना की स्वीकृति दी। साहेबगंज जिले के दिग्घी मोड़ (एनएच-80) से मालिन रिसॉड़ मोड़ (एनएच-80) 8.176 किमी को ग्रामीण कार्य विभाग

**कैबिनेट का फैसला**

से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 61.57 करोड रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। गोड्डा के सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रभु सहाय लिंडा को सेवा से मुक्त करने की स्वीकृति दी गई। रांची के सिरमटोली चौक-राजेन्द्र चौक-मेकॉन गोलचक्कर 2.34 किमी पर चार लेन फ्लाईओवर/ एलिवेटेड आरओबी निर्माण कार्य के लिए 4 अरब 70 करोड 12 लाख 79 हजार रुपये की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। झारखंड के झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर अधिनियम-2024 के तहत प्रदत्त शक्तियों के तहत अधिनियम की अनुसूची में संशोधन का निर्णय लिया गया।संशोधित मार्गदर्शिका के अनुसार, विभाग की ओर से राज्य में 13 मेला और महोत्सवों को राजकीय मेला और महोत्सव के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसमें इटखोरी महोत्सव-चतरा, बैद्यनाथ महोत्सव-देवघर, बासुकीनाथ महोत्सव-बासुकीनाथ, देवघर, माघी मेला- राजमहल साहेबगंज, हिजला मेला-दुमका, छऊ महोत्सव-सराकेला-खरसावां, मुडमा मेला-दुमका, लुगुबुरू महोत्सव-लुगुबुरू बोकारो, गणतंत्र महोत्सरव-गोडडा, आदिवासी महाकुंभ विकास मेला-पलामू, वंशीधर महोत्सव-वंशीधरनगर गढ़वा, सिरा सीता मेला-गुमला और रामरेखा महोत्सव-सिमडेगा शामिल है। मार्गदर्शिका की नियमावली में उल्लेख है कि किसी भी जिले में राजकीय मेला और महोत्सव की संख्या एक से अधिक नहीं होगी, इसमें कहा गया है कि महाशिवरात्रि 15 फरवरी, दीपावली 8 नवंबर और छठ 15 नवंबर रविवार को पड़ने के कारण अवकाश पड़ने के कारण उक्त तिथि को अलग से अवकाश घोषित नहीं किया गया है। हजारीबाग जिले के अंचल-बड़कागांव के विभिन्न मौजा के कुल 41.965 एकड़, गैरमजरूआ खास और गैरमजरूआ आम खाते की भूमि 16 करोड 91 रूपये पर बादम कोयला खनन परियोजना के लिए एनटीपीसी के साथ 30 वर्षों के लिए लीज बंदोबस्ती की स्वीकृति दी गई।

## डीसी ने जहरीली गैस रिसाव रोकने के लिए एनडीआरएफ के साथ की बैठक



संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** दो मजिस्ट्रेट तथा 40 सुरक्षा बलों की मौजूदगी में केंदुआडीह के गैस रिसाव के क्षेत्र का निरीक्षण होगा। एनडीआरएफ की टीम निरीक्षण करेगी। सर्वे रिपोर्ट डीसी को सौंपी। इसमें, प्रभावित परिवारों की संख्या तथा वास्तविक स्थिति की जानकारी होगी। डीसी ने समाहरणालय में सोमवार को एनडीआरएफ टीम के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन, गैस रिसाव के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण, राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा तथा आगे की रणनीति तय करना था।डीसी ने बैठक में निर्देश दिया कि एनडीआरएफ की एक्सपर्ट टीम प्रभावित इलाकों का विस्तृत निरीक्षण कर गैस रिसाव से संबंधित अद्यतन आँकड़े शीघ्र उपलब्ध कराए, ताकि राहत कार्यों में तेजी लाई जा सके। उन्होंने कहा कि स्थिति संवेदनशील है और प्रत्येक मिनट का प्रभाव सीधे प्रभावित परिवारों की सुरक्षा से जुड़ा है। इसको ध्यान में रखते हुए डीसी ने 02 कार्यपालक दंडाधिकारी तथा 40 सुरक्षा बलों की तैनाती प्रभावित क्षेत्रों में कर सर्वे का निर्देश दिया, ताकि निगरानी एवं नियंत्रण व्यवस्था सुदृढ़ बनाई जा सके।डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित लोगों को बेलगड़िया तथा कर्माटांड़ टाउनशिप में स्थानांतरित करने के विकल्प उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि लोग अपनी सुविधा एवं इच्छा के अनुसार सुरक्षित स्थान चुन सकें।जिला प्रशासन का प्राथमिक लक्ष्य है कि किसी भी व्यक्ति का जीवन खतरे में न पड़े तथा सभी को सुरक्षित वातावरण मुहैया कराया जा सके।

## अयोग्य लाभुकों पर होगी कार्रवाई, भरना होगा जुर्माना

**धनबाद।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने राशन कार्डों की व्यापक जांच शुरू की है। जांच में पाया गया है कि कई ऐसे लाभुक हैं जिनकी वार्षिक आय छह लाख रुपये से अधिक होने के बावजूद वे पीएचएच श्रेणी के राशन कार्ड से सरकारी अनाज ले रहे हैं। विभाग ने सीबीडीटी इनकम टैक्स पोर्टल से प्राप्त आय-सम्बंधी आंकड़ों के आधार पर इन अयोग्य कार्डधारियों की पहचान की है। सभी को नोटिस भेजकर प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में आयकर रिटर्न, आधार कार्ड और राशन कार्ड जमा कर सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। पिछले वर्षों में उठाए गए खाद्यान्न का बाजार मूल्य एफसीआई की निर्धारित दर 44 रुपये प्रति किलो के अनुसार चालान के माध्यम से जमा करना का निर्देश दिया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अयोग्य लोगों द्वारा सरकारी अनाज उठाना खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गंभीर अनियमितता मानी जाएजी।

## झरिया के तिसरा में छह लाख चोरी

**धनबाद।** झरिया के तिसरा थाना क्षेत्र के चांद कुइंया कॉलोनी निवासी पवन साव के आवास का ताला तोड़कर चोरों ने 6 लाख से अधिक की सम्पत्ति की चोरी कर ली। खबर मिलने के बाद तिसरा थाना के एसआई राजनाथ सिंह घटनास्थल पहुंचे। पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली।तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घटना के संबंध में बीसीसीएल कर्मी पवन साव ने कहा कि 3 दिसबंर को रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। रविवार की रात लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है।अंदर से दरवाजा बंद था।घर का पिछला दरवाजा खुला हुआ था। गोदरेज अलमीरा का ताला टूटा हुआ था। चोरों ने अलमीरा में रखे 11 हजार रुपए नगद,सोने की चेन ,पांच जोड़ा सोने की कनबाली,पांच जोड़ा चांदी का पायल,एक जोड़ा सोने का कंगन,दो जोड़ा चांदी का कंगन,चार गले का चांदी की चेन, 6 चांदी का छड,एक मंगलसूत्र,पांच चांदी का सिक्का सहित 6 लाख से अधिक कि सम्पत्ति की चोरी कर ली। घर में लगा सीसीटीवी कैमरा चोर उखाड़ ले गए। उनकी कुछ तस्वीरें मोबाइल में कैद हुई है। इधर पवन साव ने कहा कि सागर नामक युवक को घर का देखभाल करने के लिए रखा था।जब वह रात 9 बजे घर पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा हुआ है।उसी ने चोरी की घटना की जानकारी दी।झरिया के तिसरा में छह लाख चोरी

## नर कंकाल मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

**धनबाद।** राजगंज थाना क्षेत्र के दलदली गांव की पहाड़ी में नरकंकाल बरामद हुआ। कंकाल के पास से बरामद सामनों के आधार पर इसकी पहचान विनीलाल टुडू के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार विनी लाल 20 दिनों से लापता थे और परिजनों ने इस संबंध में राजगंज थाना में आवेदन भी दिया था। इसके बाद पुलिस व ग्रामीणों द्वारा लगातार खोजबीन जारी थी। स्थानीय लोगों के मुताबिक जंगली जानवरों ने शव को नोच-नोचकर लगभग पूरी तरह खा लिया था, जिससे अवशेष के रूप में सिर्फ हड्डियां ही बची थीं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मौत के कारणों को जानने के लिए सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना के बाद दलदली गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत और शोक का माहौल है।

## ट्रक बैलगाड़ी पर चढ़ा, हादसे में बैलगाड़ी चालक और बैलों की हुई मौत

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार अलकतरा लदा ट्रक बीती रात एक बैलगाड़ी पर चढ़ गया। घटना में बैलगाड़ी चालक और दो बैलों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक बैलगाड़ी चालक की पहचान घोरंजो निवासी नुनुराम भोगता के पुत्र मोहन भोगता के रूप में हुई है। बताया गया कि मोहन भोगता कारोडीह गांव से बिचाली खाली कर अपने घर घोरंजो लौट रहे थे। इसी दौरान जमुआ -पचम्बा मुख्य मार्ग स्थित घोरंजो के समीप एक अलकतरा लदे ट्रक (संख्या एनएल 04 डी 8705) ने बैलगाड़ी को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में बैलगाड़ी चालक और दोनों बैलों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि अलकतरा लदे ट्रक के चालक कथित रूप से नशे में धुत था। जिस कारण उसने अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रक को सीधा बैलगाड़ी पर चढ़ा दिया। जिससे यह हृदय विदारक घटना घटित हुई।घटना की सूचना पाकर जमुआ पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव के साथ दोनों बैलों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जूट गई।

## यात्रियों ने रेलवे स्टेशन की गुणवत्ता व डिजाइन पर जताई नाराजगी

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक बनाया जा रहा है लेकिन अब स्थानीय लोग और यात्री इस काम पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं।लोगों का कहना है कि रेलवे ने जो आकर्षक और आधुनिक डिजाइन पहले दिखाया था, निर्माण हो रहा स्टेशन उससे बिल्कुल अलग नजर आ रहा है।करीब 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, लेकिन स्टेशन की नई इमारत प्रस्तावित डिजाइन जैसी नहीं दिख रही है।साथ ही कुछ लोगों ने निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि बारिश के समय पानी रिसने की शिकायत भी सामने आई है, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा हुई थी।रेल यात्रा करने वाले लोगों का कहना है कि यदि डिजाइन बदला गया है, तो रेलवे और सरकार को साफ-साफ बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया।उनका कहना है कि अच्छे डिजाइन सिर्फ कागज पर दिखाना और जमीन पर कुछ और बनाना झारखंड के साथ न्याय नहीं है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

**चतरा।** चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के बेलगड्डा गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां एक बच्चे की गलती की वजह से ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। मृतकों की पहचान ढाई साल के अदनान और छह साल के अक्सू प्रवीण के रूप में हुई है। हादसे में अमरी प्रवीण नामक महिला घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया है। अब समझिए एक गलती से कैसे हो गया इतना बड़ा हादसा।घटना मो. इबरार के घर के बाहर हुई, जहां ट्रैक्टर खड़ा था और उसमें चाबी लगी हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बच्चे घर के पास ही खेल रहे थे।

## ठेकेदार प्राक्कलन से नीचे जाकर ले सकते हैं काम : सुदिव्य कुमार

संताल एक्सप्रेस



**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में योजनाओं के निर्माण के लिए प्रकाशित निविदाओं में संवेदक प्राक्कलन से नीचे जाकर काम ले सकते हैं। राज्य हित में यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा है कि आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम या किसी भी राज्य में निविदा लेने के लिए नो बिलो लिमिट तय किया गया है। ओडिशा (15 प्रतिशत की सीमा) को छोड़कर देश के किसी भी राज्य में 10 प्रतिशत की व्यवस्था नहीं है। ऐसे नियम की व्यवस्था से कार्य की गुणवत्ता किसी भी तरह से प्रभावित नहीं होती है।सभी काम सुचारु रूप से चलता है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निकाली गई किसी भी कार्य की निविदा में संवेदक से एडिशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी ली जाती है, ताकि कार्य की गुणवत्ता प्रभावित नहीं हो। सुदिव्य कुमार सोमवार को सदन में विधायक मथुरा प्रसाद और सरयू राय की ध्यानाकर्षण सूचना पर जवाब दे रहे थे। पूर्व में प्रकाशित निविदाओं में अधिसूचित दर से अधिकतम न्यून दर 10 प्रतिशत थी मथुरा प्रसाद ने कहा कि वर्तमान में संवेदक द्वारा प्राक्कलन से 40 से 50 प्रतिशत न्यूनतम दर पर निविदा विभिन्न विभागों की योजनाओं में लिया जाता है। इससे कोई भी योजना समय पर पूर्ण नहीं हो पा रही है। पूर्व में प्रकाशित निविदाओं में अधिसूचित दर से अधिकतम न्यून दर 10 प्रतिशत थी। उन्होंने पूर्व की दर को लागू करने और कार्य पूरा करने की समय सीमा तय करने की मांग की। मथुरा प्रसाद ने कहा कि सभी निविदा में 30 या 35 प्रतिशत तक जाने से काम की गुणवत्ता पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इससे काम पूरा नहीं हो पाता है। ऐसे कई उदाहरण हैं कि निविदा होने के बाद भी अभी तक काम शुरू नहीं सका है। सरयू ने पूछा कि क्या है एडिशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी, मंत्री ने दिया जवाब सरयू राय ने मंत्री से पूछा कि एडिशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी क्या है। इससे किसी कार्य की गुणवत्ता कैसे सही होती है। इस पर मंत्री ने कहा कि एडिशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटो इसलिए ली जाती है कि निविदाकर्ता यदि निर्धारित सीमा से नीचे जाते हैं।

## गोवा अग्निकांड में मृत झारखंड के युवक रांची लाए गए

**रांची।** उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन में शनिवार देर रात लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में झारखंड के तीन युवक प्रदीप महतो, विनोद महतो व मोहित मुंडा शामिल हैं। ये गोवा के क्लब में रसोई बनाने व सहायक कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। झारखंड के तीनों युवकों के शव सोमवार को विमान से रांची एयरपोर्ट लाए गए। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की भी मौजूद रहे।मिली जानकारी के अनुसार, गोवा मेडिकल कॉलेज के शवगृह के बाहर झारखंड व असम से आए परिजनों की भीड़ जमा थी। कई शव अत्यधिक जल जाने के कारण उनकी पहचान मुश्किल हो गई थी। मरने वालों में झारखंड के खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के गोविंदपुर गांव निवासी मोहित मुंडा (22 वर्ष) भी शामिल थे।

## आईआईटी आईएसएम का शताब्दी समारोह आज

### गौतम अडाणी समारोह के मुख अतिथि होंगे

संताल एक्सप्रेस



**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम का शताब्दी दिवस समारोह मंगलवार को होगा। गौतम अदानी समारोह के मुख अतिथि होंगे। 9 दिसंबर 2025 का दिन संस्थान के लिए बेहद खास होगा, क्योंकि यह एक सदी की शैक्षणिक उपलब्धियों, वैज्ञानिक योगदान और देश की सेवा के सफर को सलाम करेगा। आईएसएम की ओर से बताया गया कि सौ सालों से आईआईटी आईएसएम देश में विज्ञान, टेक्नोलॉजी और लीडरशिप तैयार करने का एक मजबूत केंद्र रहा है। 1926 में देश के औद्योगिक और माइनिंग सेक्टर को सपोर्ट देने के लिए शुरू हुआ था। यह संस्थान आज इंजीनियरिंग, अर्थ साइंसेस, एनर्जी, कंप्यूटिंग, मैनेजमेंट और एनवायरनमेंट जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश का बड़ा पावरफुल हाउस बन गया है। पिछले कुछ सालों में संस्थान ने डिजिटल माइनिंग,एडवांस जियो स्पाइटल टेक्नोलॉजी और क्रिटिकल मिनरल एक्सप्लोरेशन जैसी रणनीतिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री द्वारा हाल ही में आईएसएम में क्रिटिकल मिनरल ऑब्जर्वेटरी की स्थापना की घोषणा गई है। अब जब संस्थान अपनी दूसरी सदी में प्रवेश करने जा रहा है, इसका फोकस फ्रंटल रिसर्च, स्टेनबिलिटी, डीप टीच इनोवेशन,ग्लोबल कोलब्रेशन और समाज पर सकारात्मक असर जैसे भविष्य के बड़े लक्ष्यों पर है।मंगलवार के मुख्य कार्यक्रम में औपचारिक स्वागत, संस्थान के 100 साल के सफर पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म, के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा तथा चेयरमैन प्रो. प्रेमव्रत के संबोधन शामिल होंगे। इसके बाद गौतम अडानीमुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का समापन शोध, अकादमिक और संस्थागत सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित करने के साथ होगा। इस दौरान गौतम अदानी वरिष्ठ अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों और संस्थान के प्रतिनिधियों से बातचीत भी करेंगे।

## अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित



**गिरिडीह।** जिला अधिवक्ता संघ के वर्ष 2025- 27 के लिये सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संघ भवन के सभागार में सोमवार को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्टेट बार कांउसिल द्वारा नियुक्त इलेक्शन कमेटी के रिटर्निंग ऑफिसर महेंद्र देव, केशव दाराद और प्रमोद सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का चुनाव बीते शनिवार को सम्पन्न हुआ था। जिसमे 7 पदाधिकारी और 9 कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए थे। संघ के 824 मतदाताओं में 737 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर इन सभी पदाधिकारियों के पक्ष में अपना मत दिया था। जिसमे अध्यक्ष के पद पर प्रकाश सहाय, उपाध्यक्ष पद पर विशाल आनंद, महासचिव के पद पर चुन्नू कांत, संयुक्त सचिव प्रशासन के लिये शिवेंद्र कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिये शुभोनील सामंता एवं कोषाध्यक्ष के पद पर अमित कुमार सिन्हा तथा सहायक कोषाध्यक्ष के पद पर दिनेश कुमार राणा विजयी हुए थे।वहीं 9 कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमित कुमार, भुनेश्वर महथा, बिनोद कुमार पासवान, उत्तम कुमार सिन्हा, सृष्टि सौम्या, दिनेश प्रसाद शर्मा, बिनोद कुमार यादव, वैभव विशाल, बलराम राम विजयी हुए थे। इन सभी पदाधिकारियों को चुनाव पदाधिकारियों ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाया।

## सड़क हादसा, बाइक सवार की मौत

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के देवघर दुमका बाइपास रोड पर रविवार देर रात भूरभूरा मोड़ स्थित बंसल शोरूम के नजदीक हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर अवस्था में पड़े व्यक्ति को स्थानीय लोगों की सहायता से देवघर सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने देर रात परिजनों को दुर्घटना की सूचना देते हुए उपचार की व्यवस्था कराई। घायल की पहचान रिखिया थाना क्षेत्र के पहरीडीह निवासी 37 वर्षीय उमेश यादव के रूप में हुई, जो बिजली विभाग में मानव दिवस कर्मी के रूप में कार्यरत था। परिजनों के अनुसार रविवार देर शाम उमेश काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहा था, तभी बाइपास स्थित बंसल शोरूम के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में उमेश सड़क पर लहूलुहान हालत में तड़पता मिला।

## टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में रहस्यमयी संक्रमण से 10 काले हिरणों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में पिछले छह दिनों के भीतर 10 काले हिरणों (कृष्णमृग) की रहस्यमयी मौत ने पार्क प्रबंधन और वन्यजीव विशेषज्ञों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। एक दिसंबर को पहले हिरण की मौत के बाद शुरू हुआ सिलसिला 6 दिसंबर तक जारी रहा। विशेषज्ञों को संदेह है कि यह रक्तस्रावी सेप्टिसीमिया (एचएस) यानी पाश्चुरेला प्रजाति के बैक्टीरिया से होने वाला घातक संक्रमण हो सकता है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी। टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के उपनिदेशक डॉ. नईम अ तर ने बताया कि कुल 18 काले हिरणों में से 10 की मौत हो चुकी है और अब सिर्फ 8 ही जीवित हैं। मृत हिरणों के नमूने रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय भेजे गए हैं, जहां पोस्टमॉर्टम और पैथोलॉजिकल जांच जारी है। महाविद्यालय के पशु चिकित्सा पैथोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रज्ञा लकड़ा ने पुष्टि की कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और सोमवार को आगे की विस्तृत जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक लक्षण पाश्चुरेला संक्रमण की ओर संकेत करते हैं, लेकिन अंतिम निर्णय रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा।जानकारी के अनुसार पाश्चुरेला बैक्टीरिया तेजी से फैलने वाला रोगजनक है, जो संक्रमित हिरणों में तेज बुखार, गले में सूजन और सांस लेने में अत्यधिक दिक्कत जैसे लक्षण पैदा करता है। कई मामलों में संक्रमण इतना तेज होता है कि इलाज का समय भी नहीं मिल पाता।

## एटीएम से चोरी करते रंगे हाथ धराया युवक

**गिरिडीह।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरसिया के बिरसा चौक स्थित एसबीआई एटीम से चोरी करते एक युवक को ग्रामीणों ने रंगे हाथ धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया। गिरफ्तार युवक आनंदी रवानी धनबाद का निवासी है।जानकारी के अनुसार पटेल नगर निवासी उमाकांत वाजपेई अपने एटीएम कार्ड से 10000 रूपये की निकासी करने बिरसा चौक स्थित एसबीआई के एटीएम पहुंचे। उन्होंने पैसे निकालने के लिए एटीएम मशीन में अपना कार्ड डाला। सारी प्रक्रिया पूरी हुई, लेकिन मशीन से पैसे की निकासी नहीं हुई। तब वो बगल में स्थित दूसरे एटीएम मशीन से पैसे निकालने गये। जैसे ही दूसरे एटीएम में वो प्रवेश किये तभी उनके मोबाइल में पैसे निकासी का मैसेज आ गया। जिसके बाद वे तुरंत एसबीआई के एटीएम पहुंचे तो देखा, एक लड़का उनका पैसा निकालकर भाग रहा था। जिसके बाद उन्होंने हो - हल्ला मचाया। शोर सुन चौक पर मौजूद लोगों ने उस लड़के को धर दबोचा।पूछताछ के क्रम में धराये युवक ने बताया कि वह अपनर 3 अन्य साथियों के साथ वहां था। जो सभी मौके से भाग निकले।

## नहर सिंचाई परियोजना से 17,300 एकड़ भूमि होगी सिंचित : हफीजुल



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि पलामू प्रमंडल के भवनाथपुर प्रखंड के जिस क्षेत्र में डोमनी नाला बराज से पानी की आपूर्ति की जानी थी, वहां कनहर सिंचाई परियोजना से पानी की आपूर्ति की जाएगी। कनहर परियोजना को लेकर झारखंड और उत्तर प्रदेश के बीच समझौता किया गया है। दोनों सरकारें मिलकर कनहर बराज परियोजना पर काम करेंगी। पूर्व में जहां केवल 6000 एकड़ भूमि सिंचित होनी थी, वहीं नई योजना से अब 17,300 एकड़ भूमि को सिंचित किया जाएगा। हसन सोमवार को सदन में अनंत प्रताप देव के ध्यानाकर्षण सूचना पर जवाब दे रहे थे। देव ने कहा था कि डोमनी नाला बराज योजना से अभी तक 10 करोड़ मुआवजा की राशि गबन का मामला सामने आया है। यह राशि किसानों को मिलनी थी। वर्ष 2014 में योजना को लेकर निविदा भी जारी हुई थी, लेकिन काम आगे बढ़ा ही नहीं। योजना नहीं होने से 60 हजार किसान सीधे-सीधे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोमनी बराज योजना में अधिग्रहण की भूमि का मुआवजा दिया जाए। मंत्री ने कहा कि कनहर सिंचाई परियोजना अंतर्गत 17,300 एकड़ भूमि सिंचित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 220 क्यूबेक पानी दिया जाएगा।योजना से भवनाथपुर प्रखंड के 04 गांव की करीब 800 एकड़ भूमि डूब क्षेत्र में जाएगी।इस तरह जिस क्षेत्र में डोमनी नाला बराज के क्षेत्र में सिंचाई होनी थी, वहां अब कनहर परियोजना से सिंचाई का काम किया जाएगा।


## मनरेगा कर्मियों ने ग्रामीण विकास मंत्री के आवास का किया घेराव

**रांची।** ग्रेड पे, नियमितीकरण और सामाजिक सुरक्षा की मांग को लेकर ग्रामीण विकास विभाग मंत्री दिपिका पांडेय के आवास का घेराव किया। मनरेगा कर्मियों के अध्यक्ष अनिरूद्ध पांडेय, सचिव यासिन अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास पांडेय, प्रदेश महासचिव दीपक महतो, पूर्व अध्यक्ष जॉन बागे, नन्हें परवेज, सुनिल चद्रदास, संजय प्रमाणिक, शंभु गोप, देवेंद्र उपाध्याय समेत अन्य की अगुवाई में हजारों मनरेगा कर्मियों ने आवास घेराव किया।इस दौरान कर्मियों ने कहा कि राज्य भर में एक दिन में 8-10 करोड़ रूपये का काम ठप हो गया।इसके अलावा 40 लाख मजदूरों पर असर पड़ा है।धरना के दौरान कांग्रेस पार्टी के सचिव आलोक कुमार दुबे पहुंचे।आलोक दुबे ने आंदोलनकारियों का समर्थन किया। लेकिन खुद उनकी समस्याओं को नजर अंदाज किए जा रहे है। 18 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे है, बावजूद ग्रेड पे नहीं मिलता।आवास घेराव में राज्यभर के बीपीओ सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक और ग्राम रोजगार सेवक शामिल थे। 5000 मनरेगा कर्मी पिछले 18 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे हैं।इसके बावजूद उन्हें मनरेगा मद के 4त्न प्रशासनिक मद से मानदेय दिया जाता है। न अतिरिक्त लाभ, न सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती हैं।

## आईआईटी आईएसएम अब सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी काम कर रहा है : प्रेमव्रत

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।**आईआईटी धनबाद के पेट्रोलियम इंजीनियरिंग विभाग की ओर से सोमवार को फ्यूलिंग द फ्यूचर~ नेविगेटिंग द ग्लोबल एनर्जी ट्रांजि़शन÷ विषय पर नेशनल सिम्पोज़ियम में प्रो प्रेमव्रत ने कहा कि आईआईटी आईएसएम अब सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भी काम कर रहा है। इसका आयोजन आईएसएम के पेनमेन ऑडिटोरियम में किया गया था। आईएसएम अपना शताब्दी समारोह मना रहा है। सोमवार को दिन भर चले इस कार्यक्रम में देश-विदेश के विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और शोधकर्ता शामिल हुए। बदलते ऊर्जा परिदृश्य पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह उद्घाटन सत्र से हुई। अध्यक्षता प्रो प्रेमव्रत, चेयरमैन, आईआईटी धनबाद ने की। उन्होंने संस्थान की सौ साल पुरानी ऊर्जा शोध परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि अब संस्थान सोलर एनर्जी जैसे नए क्षेत्रों में भी तेजी से काम कर रहा है।मुख्य



अतिथि ओम प्रकाश सिन्हा, डायरेक्टर , ओएनजीसी और संस्थान के पूर्व छात्र ने कहा कि एनर्जी ट्रांज़िशन के इस दौर में जिम्मेदार और तकनीक-आधारित एक्सप्लोरेशन पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतें तभी पूरी होंगी जब हम नई टेक्नोलॉजी, सतत् तरीकों और इनोवेशन पर जोर देंगे। निदेशक और सिम्पोज़ियम के पैट्रन प्रो सुकुमार मिश्रा ने कहा कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच मजबूत साझेदारी ही अगले दौर की ऊर्जा समाधानों का आधार बनेगी। उद्घाटन सत्र के बाद दिनभर चला तकनीकी कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

## राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए बीएसके की छात्रा सोनी प्रिया का चयन



**धनबाद।** बीएसके कॉलेज, मैथन की स्वयंसेविका तथा जूलॉजी ऑनर्स की छात्रा सोनी प्रिया मुर्मू का चयन 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर एनआईसी के लिए किया गया है। यह विशेष शिविर 17 से 23 दिसम्बर तक भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिज़ाइन एवं विनिर्माण संस्थान , जबलपुर, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य विविधतापूर्ण भारतीय संस्कृति के मध्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जीवन-मूल्यों को सुदृढ़ करना है। इस प्रक्रिया में स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक गतिविधियों और सांस्कृतिक संवादों के माध्यम से ऐसे जीवन-मूल्यों का निर्माण किया जाएगा, जो उन्हें संवेदनशील, उत्तरदायी एवं जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेगा।एनएसएस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो नीतिशा खलखो के नेतृत्व में बीबीएमकेयू की टीम 14 दिसम्बर को जबलपुर के लिए रवाना होगी।

## ईसीएल में वित्तीय संकट के कारण कर्मचारियों के वेतन में देरी

**धनबाद।** ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) गंभीर वित्तीय संकट से गुजर रही है। नतीजतन, कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं मिल पा रहा है। अक्टूबर महीने का वेतन नवंबर में मिला, जबकि नवंबर का वेतन अब तक जारी नहीं हुआ है।सूत्रों के अनुसार ईसीएल की ओर से बेचे गए कोयले का खरीदारों पर लगभग दो हजार करोड़ रुपये का बकाया है, जिसके चलते आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है।ईसीएल के निदेशक नीलाद्री राय के अनुसार 2000 करोड़ की बकाया राशि में से 500 करोड़ रुपए केवल डीवीसी पर बकाया है। इसी कारण वेतन भुगतान प्रभावित हो रहा है। कंपनी की 73 कोलियरियों में करीब 45 हजार स्थाई कर्मचारी कार्यरत हैं।अधिकारी फिलहाल स्पष्ट रूप से यह बताने की स्थिति में नहीं हैं कि नवंबर का वेतन कब मिलेगा।उल्लेखनीय है कि ईसीएल प्रतिदिन औसतन 1.80 लाख टन से 2 लाख टन कोयला उत्पादन करता है,लेकिन हाल में ट्रांसपोर्टेशन घटकर मात्र 1.20 लाख टन रह गया है। विभिन्न डीपो और रेल साइडिंग पर लगभग 6.5 लाख टन कोयला स्टॉक के रूप में पड़ा है।ईसीएल के निदेशक नीलाद्री राय ने बताया कि इस वर्ष लगभग छह महीने तक बारिश होने से देशभर के पावर प्लांट्स की बिजली मांग कम हो गई। पश्चिम बंगाल के थर्मल पावर प्लांट अपने कोल ब्लॉक से ही कोयला उठा रहे हैं, और विभिन्न कंपनियों को नए कोल ब्लॉक मिलने से ईसीएल से कोयला खरीद कम हो गई है। संघ से जुड़े सुजीत भट्टाचार्य ने बताया कि विदेश से कोयला आयात किए जाने पर वह सस्ता पड़ रहा है।

# डीसी ने त्रैमासिक ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** उपायुक्त अंजली यादव के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। वहीं उपायुक्त के द्वारा सभी मशीनों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखने का निर्देश देते हुए नियमित अंतराल पर सुरक्षा जांच अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उनके द्वारा वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों, सुरक्षा गार्डों की तैनाती तथा प्रवेश एवं निकास रजिस्टर की जांच की गई इसी क्रम में उपायुक्त के द्वारा सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरों की कार्यशीलता, रिकॉर्डिंग व्यवस्था और निगरानी प्रणाली की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा ईवीएम वेयरहाउस में तैनात सुरक्षाबलों की लॉग बुक और ड्यूटी चार्ट की जांच की गई। उन्होंने सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने दायित्वों के प्रति सतर्क, संवेदनशील और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण उपस्थित थे।

# डीसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**गोड्डा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव के द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची के निर्देशानुसार रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन के तहत 1200 से अधिक मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों को विभाजित कर एक और नए मतदान केंद्र का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ रेशनलाइजेशन ऑफ पोलिंग स्टेशन के तहत कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही बैठक के दौरान आगामी मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत की गई तैयारियों पर भी चर्चा की गई एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना योगदान सुनिश्चित करने की अपील की गई।बैठक के दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की चर्चा करते हुए बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर-घर सत्यापन के क्रम में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की सहभागिता पर विस्तृत रूप चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बीएलए की नियुक्ति करना इसलिए आवश्यक है ताकि मतदान केन्द्र या उसके क्षेत्र में मतदान से संबंधित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी आम नागरिकों / मतदाताओं तक उनके भी माध्यम से ससमय पहुंच सके।उपायुक्त के द्वारा स्पष्ट किया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की चूक को गंभीरता से लिया जाएगा। इसकी सतत निगरानी की जाएगी ताकि आगामी चुनाव में प्रत्येक योग्य मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, सभी ईआरओ एईआरओ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मीगण मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक घर में जा घुसी


**ललमटिया ।** थाना क्षेत्र के लीलातरी गांव में शुक्रवार शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार ललमटिया दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक (नंबर - छ्व॥17स्न2567) अचानक अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक में चलते-चलते रिलायंस (कंट्रोल/ब्रेक सिस्टम) में खराबी आ गई, जिसके कारण बाइक सीधे गांव के एक मकान में जा घुसी। गनीमत रही कि हादसे के समय घर के बाहर या अंदर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि बाइक को हल्का नुकसान पहुंचा है, लेकिन बड़ी दुर्घटना से लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और बाइक सवार को बाहर निकालकर स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने वाहन की खराब स्थिति देखते हुए तेज रफ्तार से चलाने पर सावधानी बरतने की अपील की है। स्थानीय पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

# 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह तैयारियों के साथ शुरू



**जामताड़ा।** जामताड़ा में सामाजिक सरोकार से जुड़ा सामूहिक विवाह कार्यक्रम इस वर्ष भी अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक रूप में आयोजित होने जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता तरुण कुमार गुप्ता के सौजन्य से पिछले छह वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम 7 और 8 फरवरी को नगर मुख्यालय में संपन्न होगा, जिसमें 51 कन्याओं का विवाह पूरे पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कराया जाएगा। तैयारियों को लेकर राजवाड़ी स्थित राजा नित्य गोपाल सिंह के आवासीय परिसर में अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राजा नित्य गोपाल सिंह ने की, जबकि बड़ी संख्या में समाजसेवी, युवक-युवतियाँ और ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए विभिन्न सुझाव लिए गए।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**कर्माटांड़ ।** कर्माटांड़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजा सरस्वती शिशु मंदिर के समीप स्थित मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुई। इस कलश यात्रा में 251 कन्याओं ने पारंपरिक वेशभूषा में माथे पर कलश धारण कर राधे-राधे तथा जय श्री राम के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा के मुख्य जजमान उत्तम साह एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी और दीपक साह और उनकी धर्म पत्नी देवी बनीं, जिन्होंने पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा की शुरुआत की।कलश यात्रा उत्तम साह के आवास से प्रारंभ होकर ठाकुरबाड़ी राम मंदिर, पटनिया टोला, मुख्य बाजार तथा काली मंदिर के समीप स्थित छठ तालाब तक पहुंची। वहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ सभी कन्याओं के कलश में जल भरवाया गया। इसके उपरांत यात्रा उसी मार्ग से वापस लौटते हुए राजा सरस्वती शिशु मंदिर के बगल में बनाए गए भागवत कथा स्थल पर पहुंची। कथा स्थल पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालुओं को पूरी, बूंदिया एवं सब्जी का महाप्रसाद वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सात दिवसीय इस भागवत कथा में कथा वाचिका तान्या शरण द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण की विभिन्न लीलाओं, भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य चरित तथा धर्म, भक्ति और ज्ञान पर आधारित अमृतमय प्रवचन प्रस्तुत किए जाएंगे।

# तेज रफ्तार टोटो की चपेट में आने से एक बच्ची की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

संताल एक्सप्रेस



**महागामा ।** हनवारा मुख्य मार्ग पर स्थित मानियामोड़ गांव में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। कपड़ा लदे तेज रफ्तार टोटो ने तीन वर्षीय बच्ची को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मृत बच्ची की पहचान सपना सोरेन, पिता गुरु सोरेन के रूप में हुई है। बताया गया कि परिवार मूल रूप से राजमहल, जिला साहेबगंज का रहने वाला है। बच्ची अपने नानीघर मानियामोड़ आई हुई थी, जहां यह हृदयविदारक घटना घटी। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया, जिसके कारण लंबे समय तक आवागमन बाधित रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बेतरतीब और तेज रफ्तार टोटो व अन्य वाहनों का परिचालन आए दिन हादसों का कारण बन रहा है। सूचना मिलते ही महागामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया एवं मामले की जांच शुरू कर दी है। टोटो चालक हादसे के बाद वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा, फरार चालक की गिरफ्तारी और मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त रोक लगाने की मांग की है।इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है, और लोग सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन से ठोस कार्रवाई की अपेक्षा कर रहे हैं।

# गोड्डा ब्लास्टर ने गोड्डा रॉयल्स को हराकर जीता जीपीएल का खिताब

संताल एक्सप्रेस



**गोड्डा ।** जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में स्थानीय गांधी मैदान पर आयोजित गोड्डा प्रीमियर लीग के 12वें सीजन का खिताब गोड्डा ब्लास्टर ने अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में गोड्डा ब्लास्टर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोड्डा रॉयल्स को 7 विकेट से मात दी। मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया, लेकिन ब्लास्टर के बल्लेबाजों ने मैच को एकतरफा बना दिया।गोड्डा रॉयल्स की पारी – 126/7 (20 ओवर)पहले बल्लेबाज़ी करते हुए गोड्डा रॉयल्स 20 ओवरों में 126 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सबसे उपयोगी पारी निक्सन कुमार ने खेली, जिन्होंने 40 गेंदों पर 40 रन बनाए। टीम के बाकी बल्लेबाज ब्लास्टर की सटीक गेंदबाज़ी के सामने बड़ी पारियां नहीं खेल सके।गोड्डा ब्लास्टर की गेंदबाज़ीलक्ष्य का पीछा करते हुए गोड्डा ब्लास्टर ने शानदार शुरुआत की और केवल 15 ओवर में 127 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

प्लेयर ऑफ द मैच – कुमार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी शाहाबाज नदीम रहे मौजूद फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव शहबाज नदीम उपस्थित थे। उनसे मिलने एवं सेल्फी लेने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहबाज नदीम ने विजेता टीम को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 1 लाख 21 हजार का चेक सौंपा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पूरे झारखण्ड में इस तरह का व्यवस्थित टूर्नामेंट शायद ही कही देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि गोड्डा में क्रिकेट के लिए अच्छा ग्राउंड हो इसके लिए जेएससीए हर संभव मदद को तैयार है। विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 75 हजार का चेक प्रदान किया। बैजनाथ उरांव एवं शिक्षाविद प्रेमनंदन मंडल ने भी आयोजन की सराहना करते हुए जिला क्रिकेट संघ को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।बेस्ट अनुशासित टीम का अवॉर्ड गोड्डा सुपर किंग्स को प्रेमनंदन मंडल के द्वारा दिया गया। मैन ऑफ द मैच कुमार ऋषिकांत, मैन ऑफ द सीरीज मोहम्मद गुफरान, बेस्ट बैट्समैन पीयूष कुमार, बेस्ट बॉलर मोनू,बेस्ट फील्डर अनिमेष कुमार को समाजसेवी अजीत महात्मा, संघ के अध्यक्ष एच एम बोदरा, रेडक्रॉस अध्यक्ष मुकेश गाड़िया, शाहिद इकबाल, अमित बोस के द्वारा प्रदान किया गया। फाइनल मैच से पूर्व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस उछालकर विधायक प्रदीप यादव के द्वारा मैच की शुरुआत की गई। उनके द्वारा मीडियाकर्मी के साथ अन्य लोगों को सम्मानित भी किया गया। फाइनल मैच में दर्शकों का हुजूम गॉधी मैदान में उमड़ पड़ा। हर चौके छक्के पर आतिशबाजी एवं ढोल नगाड़े की आवाज से पूरा स्टेडियम गूंज उठा।

## गांधी मैदान में शुरू हुआ स्वदेशी हस्तशिल्प मेला

संताल एक्सप्रेस




**जामताड़ा।** जामताड़ा के गांधी मैदान में सोमवार को स्वदेशी हस्तशिल्प मेले का भव्य आगाज़ हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जामताड़ा नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र मंडल ने मुख्य अतिथि के रूप में रिबन काटकर मेले का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत उन्होंने मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और स्थानीय कारीगरों द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की विस्तृत जानकारी ली। वीरेंद्र मंडल ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने और स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच देने के उद्देश्य से हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि मेले में जामताड़ा सहित विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों के हाथों से बने सामान प्रदर्शित किए गए हैं, जो न केवल कला और संस्कृति का प्रतीक हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वदेशी और हस्तनिर्मित वस्तुओं की खरीदारी कर कारीगरों को आर्थिक मजबूती प्रदान करें। यह मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक लोगों के लिए खुला रहेगा, जिसमें घरेलू सजावटी वस्तुएं, परिधान, हस्तशिल्प, जूट उत्पाद, धातु कला सहित कई आकर्षक सामग्री उपलब्ध हैं।

# संतोष सिंह ने पिता की पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**मेहरमा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाजितपुर के बुधासन निवासी टाटा टिस्कोन ग्रुप जमशेदपुर के मैनेजर सह समाजसेवी संतोष सिंह ने अपने पिता स्वर्गीय विजय कुमार सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर मानवता और सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गांव के गरीब, जरूरतमंद तथा असहाय लोगों के बीच करीब पचास कंबलों का वितरण किया।कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर संतोष और खुशी देखने को मिली। गांव के लोगों ने संतोष सिंह के इस सामाजिक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को बढ़ाते हैं। इस मौके पर प्रमोद सिंह, योगेन्द्र यादव, मनीष सिंह सहित कई स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने स्वर्गीय विजय कुमार सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## रोहित गिरी बने बंगाल टीम के नए कप्तान



**चित्तरंजन।** रूपनारायणपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी और डीएवी पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र रोहित गिरी को आगामी सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के लिए बंगाल टीम का नया कप्तान चुना गया है। मध्यप्रदेश के जबलपुर में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक होने जा रही राष्ट्रीय डबल्स प्रतियोगिता में वे टीम की अगुवाई करेंगे। रोहित की लगातार उत्कृष्ट परफॉर्मेंस, मजबूत खेल तकनीक और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए डबल्स बंगाल एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। कई वर्षों से बंगाल टीम का हिस्सा रहे रोहित कोलकाता में नियमित रूप से अभ्यास कर अपनी फिटनेस और खेल कौशल को निखारते रहते हैं। वे पहले भी फेडरेशन कप में पश्चिम बंगाल टीम का हिस्सा रह चुके हैं, जहां टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया था। इसके अलावा रोहित बर्नपुर स्थित इसको आईएसपी टीम के लिए भी खेलते हैं। कप्तान बनाए जाने पर रोहित ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य इस बार बंगाल को नेशनल चैंपियनशिप में खिताब दिलाना है। स्थानीय खेल प्रेमियों और उनके पूर्व शिक्षकों में रोहित की उपलब्धि को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उनकी कप्तानी में बंगाल टीम से बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

## बढ़ती अवैध गतिविधियों पर आदिवासी संगठनों ने कठोर कार्रवाई की मांग की



**जामताड़ा।** संथाल परगना प्रमंडल में नशाखोरी और अवैध आयोजनों की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने की दिशा में भारत दिसोम आदिवासी संघ ने प्रशासन पर कड़ा दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में संगठन ने दुमका स्थित आयुक्त को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रमंडल के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में फुटबॉल प्रतियोगिताओं, रात्रि जात्रा-ड्रामा, आर्केस्ट्रा कार्यक्रमों और भैंस लड़ाई जैसे आयोजनों की आड़ में खुलेआम हड़िया-दरू, अवैध शराब की बिक्री और जुआ संचालित हो रहा है। इन स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा भी गंभीर मुद्दा बन चुकी है, क्योंकि कई कार्यक्रमों में बदसलूकी, उत्पीड़न और अपराध की घटनाएँ सामने आती रही हैं। संगठन का कहना है कि ये गतिविधियाँ न सिर्फ आदिवासी समाज को नशे की ओर धकेल रही हैं, बल्कि उनकी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर करने की एक सुनियोजित कोशिश प्रतीत होती हैं। उन्होंने इन सभी अनियमित आयोजनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। भारत दिसोम आदिवासी संघ ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन कार्रवाई करने में विफल रहता है, तो संगठन व्यापक जन आंदोलन छेड़ने के लिए बाध्य होगा। इसके साथ ही संघ ने छह जिलों में विशेष टीमों का गठन कर दिया है, जो गुप्त रूप से वीडियो साक्ष्य इकट्ठा कर संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगी।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर नपं को सौंपा गया ज्ञापन



संताल एक्सप्रेस

**महागामा ।** नगर पंचायत क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं में सुधार को लेकर स्थानीय नागरिक अब सक्रिय हो गए हैं। इसी क्रम में आज नगर पंचायत वासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पंचायत के पदाधिकारियों को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में नाला सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, झाड़ू व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अन्य आवश्यक शहरी सुविधाओं को दुरुस्त करने से जुड़ी कई अहम मांगें शामिल थीं। जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को सौंपे गए इस ज्ञापन में कहा गया कि कई वार्डों में नालों की नियमित सफाई नहीं होने से जलजमाव की स्थिति बनती है। स्ट्रीट लाइटें खराब होने से रात में लोगों को अंधेरे में गुजरना पड़ता है, जिससे असुरक्षा की भावना बढ़ती है। सफाईकर्मियों की अनियमित तैनाती और झाड़ू व्यवस्था में कमी के कारण कई क्षेत्रों में सड़कें गंदी रहती हैं स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत से इन समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर पंचायत पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। यह पहल यह दर्शाती है कि महागामा के लोग अपने शहर की व्यवस्था और सुविधाओं को लेकर सजग हैं और सामूहिक प्रयास से बेहतर नगर निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मौके पर महागामा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, नंदकिशोर झा, रोहित कुमार रविदास, सुशील शुक्ला, शरवन मोदी, विरेन्द्रर मोदी, सोनू ठाकुर, रिन्टु मंडल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता सूरज कुमार पोद्दार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार आदि उपस्थित थे।

# मध्यस्थता से ही त्वरित न्याय संभव : प्रधान जज



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** परिवार न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान सोमवार से शुरू हो गया। इसका विधिवत उद्घाटन परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय, जिला जज पंचम नीरज कुमार विश्वकर्मा, मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव दीपक कुमार, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी खालिद रशीद अली अहमद, अमित बंसल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिन योगेश चंद्र झा आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। विशेष मध्यस्थता अभियान 12 दिसंबर तक जारी रहेगा। परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि झालसा के निर्देश पर विशेष मध्यस्थ शिविर आयोजित किया गया है। चूंकि न्यायिक प्रक्रिया अत्यंत जटिल है इसके लिए जो वैकल्पिक रास्ता अपनाया गया है वही मध्यस्थता है। मध्यस्थता में सभी मध्यस्थों की भूमिका सराहनी है। उद्घाटन का उद्देश्य यह है कि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिले और न्याय के लिए भटक रहे लोग त्वरित न्याय प्राप्त कर सके। देर से मिलने वाला न्याय का कोई मतलब नहीं है। ऐसे में त्वरित न्याय पाने के लिए मध्यस्थता का रास्ता अपनाना ही समझदारी है। पारिवारिक मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर उभय पक्षों के बीच सुलह- समझौता कराकर मामले का निपटारा कराना ही मध्यस्थता शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सुलह- समझौता के आधार पर समझौता होने से दोनो पक्षों को राहत मिलती है। मध्यस्थता शिविर में मध्यस्थ जितेन्द्र दुबे, नूतन तिवारी, शादिक अहमद, धर्मेन्द्र नारायण, राजकुमार घोष, अजय कुमार साह, दिलीप कुमार झा, प्रदीप कुमार साह, श्वांति रानी, असलम, गौरी प्रिया, अनंत नारायण दुबे, अफसर हसनैन, शादिक अहमद, कुंदन ठाकुर, रीना कुमारी डे आदि मामले का निष्पादन कर रहे हैं। उद्घाटन के मौके पर पीएलबी नवीन कुमार, धनंजय कुमार, रोबीन यादव, अजय टुडू , मिथुन कुमार महतो, रश्मि कुमारी, एलडीसी कर्मी राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# झारखंड कबड्डी चैम्पियनशिप में बालक टीम ने हासिल किया तीसरा स्थान




**मिहिजाम।** गढ़वा में आयोजित 19वीं झारखंड राज्य कबड्डी प्रतियोगिता 2025 में जामताड़ा जिला बालक कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। दो दिवसीय इस राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जामताड़ा के युवा खिलाड़ियों ने दमदार खेल दिखाकर पूरे जिले का मान बढ़ाया। टीम की इस सफलता में कोच अरविंद कुमार ओझा, टीम मैनेजर रामदास दयानंद तथा खिलाड़ियों में रोहित ओझा, शिवा, नीरज रवानी और रितेश कुमार की अहम भूमिका रही। उनके अनुशासन, रणनीति और मेहनत का ही परिणाम है कि टीम ने कड़ी टक्कर देते हुए पदक अपने नाम किया। उधर जामताड़ा जिला कबड्डी संघ में खुशी की लहर दौड़ गई। संघ की अध्यक्ष मीरा मिश्रा, सचिव रोहित कुमार और सह सचिव राजकमल सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए नई किट उपलब्ध कराने की घोषणा की। जामताड़ा की इस उपलब्धि ने जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह और गर्व भर दिया है।

# दिव्यांग विशाखा का भविष्य कागज़ों में कैद

**संताल एक्सप्रेस जामताड़ा।** जामताड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहुलडंगाल की रहने वाली दिव्यांग विशाखा बाउरी सरकारी तंत्र की उदासीनता का दर्द सालों से झेल रही है। जन्म से ही दिव्यांग विशाखा के पास वर्ष 2013 में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र तो है, लेकिन आधार कार्ड नहीं होने के कारण वह आज तक किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले पाई है। वजह जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पाना। एक ओर जन्म प्रमाण पत्र के बिना आधार कार्ड नहीं बन रहा, दूसरी ओर आधार कार्ड के बिना जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहा है। इस चक्कर में विशाखा और उसका परिवार वर्षों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाते-लगाते थक चुका है। पिता की मृत्यु बचपन में ही हो जाने के कारण परिवार में मां और एक भाई ही सहारा हैं, जो किसी तरह मजदूरी कर घर चलाते हैं।परिवार ने बार-बार नगर पंचायत, अनुमंडल कार्यालय और संबंधित विभागों का दरवाजा खटखटाया, लेकिन हर बार किसी न किसी औपचारिकता की आड़ में मामले को लंबित कर दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र से लेकर सभी आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए, फिर भी जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं हुआ। शिक्षक अरुण कुमार वर्मा ने जब विशाखा की स्थिति जानी, तो उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से उसके कागजात बनवाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने पिछले डेढ़-दो वर्षों में नगर पंचायत से लेकर एसडीओ कार्यालय तक दर्जनों बार दौड़ लगाई। एसडीओ ने आवेदन पर हस्ताक्षर तक कर दिए, लेकिन फिर भी फाइल आगे नहीं बढ़ी और मामला धूल में पड़ा रह गया। पीड़िता की मां कल्पना देवी बताती हैं कि जन्म प्रमाण पत्र न होने से न दिव्यांग पेंशन मिल पा रहा है, न किसी अन्य सुविधा का लाभ। सरकारी योजनाएँ कागज़ पर चल रही हैं, लेकिन जमीन पर विशाखा जैसी बेसहारा बच्चियों तक नहीं पहुँच रहीं।

# मनरेगा संघ की बैठक, एक दिवसीय धरना कार्यक्रम को दिया समर्थन



**नाला (जामताड़ा)।** नाला नेताजी स्टेडियम में मंगलवार को मनरेगा संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष तापस मंडल ने की। बैठक में ग्रेड पे लागू करने, स्थायीकरण, स्वास्थ्य बीमा एवं सुरक्षा, समान काम का समान वेतन, तथा मृत मनरेगा कर्मियों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने सहित कई महत्वपूर्ण मांगों पर चर्चा हुई।अध्यक्ष तापस मंडल ने कहा कि झारखंड राज्य मनरेगा संघ के आह्वान पर ग्रामीण विकास मंत्री के आवास घेराव को लेकर एक दिवसीय धरना कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें राज्य के हर जिले और प्रखंड से व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया गया।उन्होंने कहा कि नाला प्रखंड के मनरेगा कर्मी एकजुटता दिखाते हुए इस आंदोलन का पूर्ण समर्थन करते हैं।तापस मंडल ने स्पष्ट किया कि रांची में आगे होने वाले कार्यक्रमों की दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही सभी कर्मी मिलकर आंदोलन को और मजबूत करेंगे। उन्होंने सरकार से मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील करते हुए कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो संघ आंदोलनरत रहेगा तथा हड़ताल पर जाने को भी विवश होगा।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार केवल आश्वासन दे रही है और मनरेगा कर्मियों के साथ लगातार धोखेबाजी हो रही है। बैठक में बीपीओ नयन कुमार, रोजगार सेवक तापस कुमार मंडल, सोमनाथ मंडल, शिवधन सोरेन, पहाड़सिंह किस्कु,गंगाधर मंडल,मनोज मंडल, निर्मल कोल, अमित बाउरी, पिनाकी रंजन मंडल, सोमनाथ दास,तापस मंडल, राजेश कुमार मंडल, जयश्श्वर टुडू सहित कई मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

# सीमेंट लदे ट्रक की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार, दो किशोर निरुद्ध

## 35 टन सीमेंट सहित 16 चक्का ट्रक बरामद



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** जसीडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत टाभाघाट टोल टैक्स के समीप रविवार रात सीमेंट लदे ट्रक की लूट की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित छापेमारी कर लूटा गया ट्रक अपराधियों के कब्जे से बरामद कर लिया। मामले का खुलासा सोमवार को सदर एसडीपीओ अशोक कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। उन्होंने बताया कि जसीडीह थाना ने इस संबंध में जसीडीह थाना कांड संख्या 363/2025 अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 309(4) के तहत मामला दर्ज किया है। एसडीपीओ ने बताया कि बरामद ट्रक रजि. संख्या सीजी 04 पी एच 5157 में लगभग 700 बोरा यानी 35 टन सीमेंट लोड था। छापेमारी दल ने मौके से वाहन को कब्जे में लिया तथा उपेंद्र कुमार 20 एवं अनुराग कुमार यादव 27 दोनों पिता जयकिशोर यादव, निवासी गगनपुर, थाना चकाई, जिला जमुई बिहार को गिरफ्तार किया है। साथ ही मामले में दो किशोर की संलिप्तता पाई गई, जिन्हें कानूनन प्रावधान के अनुसार बाल न्याय बोर्ड की प्रक्रिया में विधि विरुद्ध कार्य के आरोप में निरुद्ध किया गया है। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि आरोपियों की योजना सीमेंट की खेप को बेचने तथा बाद में ट्रक को भी निस्तारित कर आर्थिक लाभ अर्जित करने की थी। पुलिस इस दिशा में आगे जांच कर रही है कि इस घटना में और कौन-कौन शामिल थे तथा क्या वाहन व सामान को बिक्री के लिए कहीं भेजा जाना था। कार्रवाई में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में पु0अ0नि0 दिनेश कुमार यादव, पु0अ0नि0 रामानुज सिंह, पु0अ0नि0 चंदन कुमार साव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे। एसडीपीओ ने बताया कि पूरे मामले में तकनीकी व भौतिक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं तथा अन्य संभावित सहयोगियों की भूमिका पर भी निगरानी रखी जा रही है।

# आजसू से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान आजसू के केंद्रीय सचिव महेश प्रसाद राय के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी एवं सदस्य भाजपा में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी तथा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह की उपस्थिति में आजसू कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों नेताओं ने सभी नवीन सदस्यों को पट्टा पहना कर पार्टी में स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वालों में महेश प्रसाद राय, शैलेंद्र कुमार, नीरज गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, रविंद्र कुमार सिंह जिला सचिव,डॉ के पी एल सिंह संगठन सचिव, कुणाल कुमार गुप्ता, बृजेश कुमार, रंजन कुमार सिंह, मनोज कुमार, रंजीत कुमार बरनवाल, अंजनी चांडक, राजा कुमार, सुनील कुमार बरनवाल, संजय कुमार बरनवाल, रूपेश कुमार, ओंकार राय, भावेश कुमार, संजीव कुमार राय, रंजीत कुमार, कन्हैया कुमार, पंकज मिश्रा, लालबाबू झा, विपिन कुमार, अशोक कुमार राय, बबलू राय, मणिकांत यादव, सुलोचना देवी तथा बबीता देवी शामिल हैं। अवसर पर जिलाध्यक्ष सचिन रवानी ने सभी नवनियुक्त कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा और संगठनात्मक शक्ति से प्रेरित होकर युवा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का जोड़ना पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने नए सदस्यों से अपेक्षा जताई कि वे संगठन को धार देने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# साइबर अपराध में बरबाद हो रहा भविष्य, युवा लौटें मुख्यधारा में : एसडीपीओ



**मधुपुर ।** देवघर एसपी सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले भर में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के तहत पथरोल थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कसैया संकुल व उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबाना में सोमवार को व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने किया। ग्रामीणों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और विद्यार्थियों की बड़ी उपस्थिति के बीच एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने कहा कि साइबर अपराध की ओर बढ़ता रुझान क्षेत्र के युवाओं का भविष्य निगल रहा है। उन्होंने कहा कि देखने में साधारण लगने वाला मोबाइल गेम या ऑनलाइन ठगी का छोटा सा प्रयास धीरे-धीरे युवाओं को अपराध की दुनिया में धकेल देता है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को सजग होकर बच्चों पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता है, क्योंकि अपराध की लत बच्चों को सामान्य जीवन से भटका कर जेल तक पहुंचा सकती है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साइबर अपराध की राह छोड़कर शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों की ओर कदम बढ़ाएं, ताकि परिवार और समाज दोनों का भविष्य सुरक्षित रहे।

## 18 चक्का ट्रेलर फंसने से बाधित रही रेल परिचालन



**मधुपुर ।** पूर्व रेलवे के आसनसोल-जसीडीह मुख्य रेलखंड स्थित गेट संख्या 27, शंकरपुर-जसीडीह के बीच रविवार की रात को एक 18 चक्का ट्रेलर अचानक बंद हो गया, जिसके कारण करीब एक घंटे तक डाउन एवं अप लाइन पर ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा। ट्रेलर के फंसते ही रेल प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मधुपुर आरपीएफ पोस्ट के सब-इंस्पेक्टर रामा शंकर प्रसाद, एएसआई वीके पाण्डेय, कांस्टेबल डी ठाकुर, कांस्टेबल जेबी चौरसिया मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ट्रेलर को गेट से हटाने की कार्रवाई के दौरान रेल ट्रैफिक पूरी तरह प्रभावित रहा। संबंधित ट्रेलर सरिया लेकर पतरातू से देवघर जा रहा था, तभी गेट पर अचानक वाहन बंद हो गया। मामले में ट्रेलर चालक आशिष कुमार को आरपीएफ द्वारा पूछताछ के लिए मधुपुर ऑरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उसे रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। घटना को लेकर रेलवे ने जांच शुरू कर दी है कि चालक की लापरवाही थी या वाहन की तकनीकी खराबी।

# भाजपा जिला संगठन चुनाव में 22 मंडलों के पर्यवेक्षक नियुक्त

**देवघर ।** प्रदेश भाजपा के निर्देशों का पालन करते हुए जिला संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया को गति प्रदान की गई है। जिला चुनाव पदाधिकारी बबलू भगत ने मंडल अध्यक्षों के चुनाव के लिए विभिन्न मंडलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की घोषणा की। कुल 28 मंडलों में से 22 मंडलों में चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी, शेष मंडलों में सदस्यता सत्यापन पूरा होने के बाद चुनाव कराए जाएंगे। जबकि शेष मंडलों में अप्रहर्ता की औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद चुनाव कराए जाएंगे। नियुक्त पर्यवेक्षकों में पथरड्डा के लिए विशाखा सिंह, सारठ के लिए दिवाकर गुप्ता, बसाहा के लिए प्रकाश लाल, खागा के लिए विश्वनाथ रवानी, चितरा के लिए रविंद्र रुच, पालोजोरी के लिए महेंद्र राणा, पथरोल के लिए राकेश नरौने, मधुपुर नगर के लिए संतोष उपाध्याय, सिमरा के लिए सचिन सुल्तानिया, देवीपुर के लिए धनंजय तिवारी तथा देवघर नगर के लिए रविंद्र नाथ तिवारी शामिल हैं। इसी क्रम में सत्संग नगर के लिए नवल राय, देवसंघ नगर के लिए रीता चौरसिया, जसीडीह नगर के लिए संतोष मुर्मू, मानिकपुर के लिए विपिन देव, रिखिया के लिए अधीर चंद्र भैया, देवघर ग्रामीण के लिए राजीव रंजन सिंह, मोहनपुर के लिए मुकेश पाठक, घोरमारा के लिए बलराम पोद्दार, सारवां के लिए चंद्रशेखर खवाड़े, लखोरिया के लिए बाबूलाल मरांडी और सोनारायठाड़ी के लिए पंकज सिंह भदोरिया को दायित्व सौंपा गया है। चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप मंडल अध्यक्षों के चुनाव शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से कराए जाएंगे।

## पुलिस में तकनीकी बढ़त, ई-बीट ऐप आज होगा लॉन्च

**देवघर।** जिले की पुलिस व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में मंगलवार को महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सौरभ द्वारा 9 दिसंबर 2025 को पूर्वाह्न 11 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय, देवघर में ई-बीट ऐप का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस ऐप के माध्यम से बीट पुलिसिंग प्रणाली को डिजिटल स्वरूप प्राप्त होगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कार्यशाला




**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्वास्थ्य विभाग, जिला बीबीडी कार्यालय द्वारा आज स्थानीय आईएमए हॉल में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एवं डिसएबिलिटी प्रीवेंशन (एमएमडीपी) पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बीबीडी पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार यादव ने की, जबकि निर्देशन सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यशाला में 50 जिला एवं प्रखंड स्तरीय पर्यवेक्षकों–एमटीएस, एसआई, एएनएम, एमपीडब्ल्यू एवं सहिया साथियों–को फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन,विकलांगता रोकथाम तथा एमएमडीपी किट के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया गया। पिरामल स्वास्थ्य ने सहयोगी संस्था के रूप में भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण में चार फाइलेरिया रोगियों पर मोबिलिटी मैनेजमेंट का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया गया। सिविल सर्जन डॉ. चौधरी ने बताया कि फाइलेरिया वैश्विक स्तर पर विकलांगता का दूसरा प्रमुख कारण है, इसलिए इसके रोकथाम हेतु सामुदायिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

## शीत लहर व वायु प्रदूषण से बचाव को लेकर कार्यशाला



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में शीत लहर एवं वायु प्रदूषण से बचाव हेतु जागरूकता कार्यशाला तथा प्रभात फेरी रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को ठंड से होने वाली बीमारियों की रोकथाम, वायु गुणवत्ता में गिरावट के दुष्प्रभाव तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. जुगल किशोर चौधरी एवं जिला पशु पालन पदाधिकारी डॉ. पी. के. स्वाइन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सिविल सर्जन ने शीत लहर के दौरान हाइपोथर्मिया, फ्लू, निमोनिया जैसी बीमारियों की आशंका और विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों व गर्भवती महिलाओं की देखभाल पर जोर दिया। वायु प्रदूषण से दमा, एलर्जी व हृदय रोग के बढ़ते जोखिमों पर भी जानकारी दी गई।

## 31 दिवसीय दर्जी प्रशिक्षण आज से

**देवघर।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देश पर जिले में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की पहल के तहत एसबीआई आरसेटी देवघर में 31 दिवसीय महिला दर्जी प्रशिक्षण 9 दिसंबर 2025 से शुरू किया जा रहा है। इसमें देवघर जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवक एवं महिलाएं जो स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं, भाग ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी संस्थान में पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, भोजन तथा छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कॉपी, किताब, कलम, ड्रेस एवं प्रशिक्षण सामग्री भी संस्थान की ओर से दी जाएगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनपुर में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं तनाव मुक्ति शिविर का आयोजन ओपीडी विभाग में किया गया। कार्यक्रम में सदर अस्पताल, देवघर के मनोचिकित्सा विभाग से क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. अपर्णा रानी एवं साइकाइट्रिक सोशल वर्कर मोहम्मद शरीफ अंसारी ने सहभागिता की। विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों, मरीजों एवं उनके परिजनों को मानसिक रोगों के प्रारंभिक लक्षण, उनकी गंभीरता तथा समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। शिविर के दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य जांच भी की गई। कार्यक्रम में बताया गया कि मानसिक रोगों के लक्षण जैसे–लगातार चिंता (एंजायटी), अवसाद (डिप्रेशन), व्यवहार में बदलाव, एकाग्रता की कमी तथा गंभीर मानसिक रोग शिज़ोफ्रेनिया के संकेतों को समय पर पहचानना अत्यंत आवश्यक है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान, 19,200 रुपये जुर्माना वसूला

## टावर चौक से आजाद चौक तक नगर निगम ने की छापेमार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर आयुक्त सह प्रशासक रोहित कुमार सिन्हा के निर्देश पर नगर निगम टीम ने सोमवार को शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक, स्वच्छता और अतिक्रमण नियंत्रण को लेकर विशेष अभियान चलाया। नगर प्रबंधक प्रकाश मिश्रा और सतीश कुमार दास के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक-कम -फूड इंस्पेक्टर सुनील कुमार मेहता, दीपक कुमार मेहता, प्रेम राज, सफाई निरीक्षक पिंटू राय तथा कार्यालय सहायक मनोज कुमार गुप्ता की संयुक्त टीम ने टावर चौक से आजाद चौक तक दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में जांच अभियान संचालित किया। अभियान के दौरान टीम ने सड़क पर कूड़ा फैलाने वाले दुकानों, अतिक्रमण करने वालों तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की। मौके पर ही नियम उल्लंघनकर्ताओं को समझाते हुए जुर्माना वसूला गया तथा भविष्य में स्वच्छता मानकों का पालन सुनिश्चित करने की चेतावनी दी गई। निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में सर्तकता देखी गई। नगर निगम के अनुसार अभियान का उद्देश्य शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा मुख्य सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण पर रोक लगाना है। अभियान के दौरान कुल 19 हजार दो सौ रुपये की वसूली की गई, जिसे निगम कोष में जमा करा दिया गया है। निगम ने कहा कि स्वच्छता और अतिक्रमण-मुक्त शहर निर्माण के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वार्ड नंबर 03 में बढ़े बिजली बिल से हंगामा, महिलाओं का फूटा गुस्सा



**मधुपुर ।** वार्ड नंबर 03 के नबी बक्स रोड, कब्रिस्तान के पीछे रहने वाले उपभोक्ताओं में इन दिनों बिजली बिल को लेकर जबरदस्त नाराज़गी है। करीब पचास से अधिक होल्डिंग के लोगों का आरोप है कि नया मीटर लगने के बाद से बिजली बिल खपत से कई गुना अधिक आ रहा है, जबकि पुराने मीटर के समय बिल सामान्य आता था।स्थानीय महिलाओं ने बढ़े हुए बिल को लेकर आवाज़ उठाई और वार्ड नंबर 8 की पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन से मिलकर विस्तृत शिकायत दर्ज कराई। महिलाओं ने कहा कि हमारी वास्तविक खपत बहुत कम है, लेकिन नए स्मार्ट मीटर से बिल अचानक दोगुना-तिगुना आने लगा है। इससे घरेलू बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। शिकायत मिलते ही पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन ने महिलाओं के साथ बिजली विभाग कार्यालय पहुंचकर विधुत कार्यपालक अभियंता रोहित मांझी को सामूहिक आवेदन सौंपा। आवेदन में मीटर की तकनीकी जाँच, गलत बिल संशोधन तथा भविष्य में ऐसी समस्या न हो, इसकी मांग की गई। कार्यालय पहुँचने पर विधुत कार्यपालक अभियंता रोहित मांझी ने आश्वासन दिया कि सभी उपभोक्ताओं के मीटर की समग्र जांच की जाएगी और किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई होगी। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि विभाग के हस्तक्षेप से बढ़े हुए बिल की समस्या जल्द ही हल होगी और उन्हें राहत मिलेगी।

## 50 लीटर चुलाई शराब और महुआ जब्त



**देवघर ।** अवैध शराब के चौर्य व्यापार पर लगाम कसने के उद्देश्य से अधीक्षक उत्पाद के निर्देश पर सोमवार को उत्पाद विभाग की विशेष टीम ने जसीडीह थाना क्षेत्र के धावघाट तथा नगर थाना क्षेत्र के नवाडीह, लकड़ीगंज और देवघर कॉलेज मोड़ इलाके में व्यापक छापामारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर अवैध महुआ चुलाई शराब बनती मिली, जिसे मौके से बरामद कर जब्त कर लिया गया। छापामारी के क्रम में दो आरोपियों के विरुद्ध फरार का अभियोग दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जब्त सामान में 50 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब और 200 किलो जावा महुआ शामिल है, जिसे नष्ट करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। विभाग का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

# तीन साल बाद फरार दुष्कर्म आरोपी पिंटू को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** पुलिस को दुष्कर्म के एक संगीन मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले तीन वर्षों से फरार चल रहे मुख्य आरोपी भेड़वा निवासी पिंटू राय को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि आरोपी इतने लंबे समय से कानून की गिरफ्त से बच रहा था।

?आरोपी पिंटू राय के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी काफी शातिर था और वह लगातार अपनी मौजूदगी की जगह बदल रहा था ताकि पुलिस उसे ट्रैक न कर सके। वह लंबे समय से पुलिस को चकमा देने में सफल हो रहा था, जिससे उसकी गिरफ्तारी एक चुनौती बन गई थी।

?पुलिस को हाल ही में आरोपी की सटीक मौजूदगी को लेकर एक गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही, एक विशेष टीम का गठन किया गया और बिना समय गंवाए संबंधित स्थान पर त्वरित छापेमारी की गई। पुलिस की इस मुस्तैदी और सुनियोजित कार्रवाई के कारण, पिंटू राय को मौके पर ही धर-दबोचा गया और उसे भागने का कोई मौका नहीं मिला।

गिरफ्तारी के बाद, कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया। चिकित्सा जांच पूरी होने के बाद, पिंटू राय को स्थानीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि आरोपी की तलाश काफी लंबे समय से की जा रही थी और इस गिरफ्तारी से दुष्कर्म पीड़िता और उनके परिवार को न्याय मिलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पुलिस का कहना है कि वे इस तरह के गंभीर मामलों में फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# आईआरसीटीसी ने लॉन्च की दो धाम के साथ दक्षिण भारत यात्रा के लिए विशेष ट्रेन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सेवा के अंतर्गत दो धाम के साथ दक्षिण भारत यात्रा नामक पर्यटन पैकेज की घोषणा की गई है। विशेष ट्रेन संख्या EZBG27 बैतरणी से 18 जनवरी 2026 को प्रस्थान करेगी। यह 14 या 15 दिवसीय टूर यात्रियों को दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराएगा। यात्रा के प्रमुख आकर्षणों में तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, मदुरै, मीनाक्षी मंदिर, कांचीपुरम, सोमनाथपुर मंदिर,पद्मनाभस्वामी मंदिर, गंगईकोंडा चोलापुरम सहित कई ऐतिहासिक और पवित्र स्थल शामिल हैं। आईआरसीटीसी ने तीन श्रेणियों–इकॉनमी, स्टैंडर्ड और कंफर्ट–में पैकेज जारी किए हैं, जिनकी कीमत क्रमशः 27,535, 37,500 और 51,405 तय की गई है। पैकेज फुली इन्क्लूसिव है, जिसमें ट्रेन यात्रा, भोजन, होटल आवास, स्थानीय दर्शनीय बस यात्रा, सुरक्षा व्यवस्था और विशेष गाइड की सेवाएँ शामिल हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, पाकुड़**

**शुद्धि-पत्र**

Minor Irrigation Division,Pakur(2025-26) द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/PAKUR/F2-08/2025-26, PR NO- 366977 मे योजना सं0 कमांक–01 से लेकर कमांक– 07 में अंकित योजनाओं को कतिपय कारणो से निरस्त किया जाता है। कमांक–08 एवं कमांक–09 में अंकित योजना पूर्ववत रहेगी। निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

PR 367996 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमंडल,पाकुड

**Government of Jharkhand**
**Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Sahibganj**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**

**Very Urgent Short Tender Notice**

**Tender Notice No.: 01/DHS /2025-26 Date:06/12/2025**

Procurement Cell In charge on behalf of Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Sahibganj, Jharkhand invites Tender from eligible bidders for entering into rate contract for including Supply of Medicines & Other Essential Items. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website www.sahibganj.nic.in /www.jharkhandtender.gov.in and hard copies of Technical Bid and Financial Bid should be submitted to the department on and before declared due date through Speed Post or Registered post.

| Sl. No | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Supply of Medicine & Other Essential items. |
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 06.12.2025 |
| 3 | Last date of receipt of Bids from intended bidders | 24.12.2025 at 05:00 PM |
| 4 | Hard Copy of Technical Bid should be Submitted through Indian Post in Office of the Civil Surgeon-cum-Chief Medical Officer, Sahibganj Combined Health Building, Sahibganj-816109 | Last date submission of Tender document through Speed post or Registered post Dated 24.12.2025 at 05.00 PM |
| 5 | Bid Opening Date | 29.12.2025 by 01:00 PM |

Note: The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 367993 District(25-26)#D

Civil Surgeon cum
Chief Medical Officer, Sahibganj


**समाहरणालय, गोड्डा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**

**प्रपत्र VII, अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

संख्या– 68/2024-25 (पथ) **3805**/भू0अ0 गोड्डा दिनांक :– **05.12.2025**

चूँकि उपायुक्त, गोड्डा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **सुन्दरपहाड़ी (NH 333A) चंदना दामा अगियामोड़ (MDR - 191) (कुल लंबाई– 24.440 कि०मी०) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का कार्य निर्माण** हेतु **मौजा– सुन्दरपहाड़ी, थाना नं0– 12, अंचल– सुन्दरपहाड़ी**, जिला– गोड्डा में कुल– **0.065** एकड़ यानि …… हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.065** एकड़ यानि …… हेक्टेयर है और जो **मौजा– सुन्दरपहाड़ी, थाना नं0– 12, अंचल– सुन्दरपहाड़ी**, जिला– गोड्डा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्रम सं० | खाता सं० | सर्वे भुखंड सं० | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हिस्से की भूमि रकवा (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व, पता | सीमा (भूखंड सं०) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 7 | 1000 | निजी | धानी-II | 0.004 | 0.004 | गोपाल किस्कू, पिता– ढेबरा किस्कू | 1001 | 795 | 999 | पथ 793 |
| 2 | | 1001 | निजी | धानी-II | 0.003 | 0.0005 | –……, पति– मुंशी किस्कु | 1008 | 1001 | 999 | पथ 793 |
| 3 | | | | | | 0.0005 | रामेश्वर किस्कु, पिता– मुंशी किस्कु | | | | |
| 4 | | | | | | 0.001 | छोटा रामेश्वर किस्कु, पिता– मुंशी किस्कु | | | | |
| 5 | | | | | | 0.0005 | रोबीन किस्कु, पिता– बाबुराम किस्कु | | | | |
| 6 | | | | | | 0.0005 | हेमलाल किस्कु, पिता– बाबुराम किस्कु | | | | |
| 7 | 15 | 1009 | निजी | बाड़ी-II | 0.018 | 0.009 | एलीजावेथ मरण्डी पति– शीरील मरण्डी | पथ 1010 | 1008 | 1008 | पथ 793 |
| 8 | | | | | | 0.0045 | रामेश्वर मरण्डी पिता– चरण मरण्डी | | | | |
| 9 | | | | | | 0.0015 | करण मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| 10 | | | | | | 0.0015 | तुलसी मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| 11 | | | | | | 0.0015 | बुधराय मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| 12 | 20 | 794 | निजी | बाड़ी-II | 0.002 | 0.00033 | देवान हेम्ब्रम, पिता– बड़का हेम्ब्रम वर्तमान वंशज ज्ञात नहीं हुआ | 795 | बाड़ाकाल्हा जोर न. 9 | 795 | पथ 793 |
| 13 | | | | | | 0.001 | ठाकुर हेम्ब्रम, पिता– पीथो हेम्ब्रम | | | | |
| 14 | | | | | | 0.00034 | विटिया हाँसदा, पति– प्रसाद हेम्ब्रम | | | | |
| 15 | | | | | | 0.00016 | बबलु हेम्ब्रम, पिता– होपा हेम्ब्रम | | | | |
| 16 | | | | | | 0.00017 | राम प्रसाद हेम्ब्रम, पिता– होपा हेम्ब्रम | | | | |
| 17 | 83 | 792 | निजी | बाड़ी-II | 0.016 | 0.016 | रामु बास्की, पिता– लुदरा बास्की वर्तमान वंशज ज्ञात नहीं हुआ | 787 | बाड़ाकाल्हा जोर न. 9 | पथ 793 | 791 |
| 18 | 31 | 770 | निजी | धानी-III | 0.022 | 0.011 | एलीजावेथ मरण्डी पति– शीरील मरण्डी | 680 | 787 | पथ 793 | 769 |
| 19 | | | | | | 0.0055 | रामेश्वर मरण्डी पिता– चरण मरण्डी | | | | |
| 20 | | | | | | 0.00184 | करण मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| 21 | | | | | | 0.00183 | बुधराय मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| 22 | | | | | | 0.00183 | तुलसी मरण्डी, पिता– बड़का मरण्डी | | | | |
| | | | | कुलः– | 0.065 | 0.065 | एकड़ | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

**मौजा– सुन्दरपहाड़ी, थाना नं0– 12, अंचल– सुन्दरपहाड़ी**, जिला– गोड्डा में कुल– **0.065** एकड़ यानि ….. हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

उपरोक्त भूमि चिन्हित एवं मापित है, इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को किसी प्रकार की आपत्ति की स्थिति में स्वंय अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– ……………………… से ………………… तक कार्यालय अवधि– 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा के समक्ष उपस्थित होकर अपना आवेदन दो प्रति में दे सकते है।

अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्त्ति के लिए किसी दावे एवं पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा– 12 के तहत जमीन के मेजरमेंट से संबंधित आपत्ति/दावा प्रस्तुत करेंगे। साथ ही बॅटवारे के आधार पर प्राप्त भूमि के दावा के संबंध में सक्षम न्यायालय का आदेश की प्रति देंगे।

ह0/–
उपायुक्त, गोड्डा

PR 367937 Land Reforms(25-26)#D

## बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प



**शिकारीपाड़ा (दुमका) ।** शिकारीपाड़ा प्रखंड सभागार में सोमवार को बाल कल्याण एवं प्रवाह संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (पीडीओ) मो. एजाज आलम ने की। उन्होंने कहा कि बैठक का प्रमुख उद्देश्य प्रखंड स्तर पर बच्चों की देखभाल और संरक्षण व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। पीडीओ आलम ने बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल मजदूरी, मानव तस्करी, स्कूल ड्रॉपआउट और बच्चों के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर मुद्दों पर सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं, शिक्षकों, पंचायत सचिवों व अन्य समितियों को बाल हितैषी नवाचार अपनाने, मनोरंजक और प्रेरणादायी गतिविधियां शुरू करने और बच्चों के लिए सुरक्षित व अनुकूल वातावरण बनाने निर्देशित किया।

## संस्कृत साधक सम्मान समारोह का आयोजन



**मसलिया ।** बिहार संस्कृत संजीवन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा के द्वारा शहर के दिनकर गोलंबर समीप राजकीय संस्कृत महाविद्यालय के वातानुकूलित सभागार में अखिल भारतीय संस्कृत साधक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसी समारोह में संथाल आवासीय विद्यालय मसलिया एवं +2 उच्च विद्यालय मसलिया के प्राचार्य डॉ. कौशल कुमार को वर्ष 2025 का संस्कृत साधक सम्मान÷ प्रदान किया गया। डॉ. कौशल कुमार की इस उपलब्धि से दोनों विद्यालयों–संथाल आवासीय विद्यालय एवं +2 उच्च विद्यालय मसलिया–का पूरा परिवार उत्साहित और गौरवान्वित है। उनके सम्मान से क्षेत्र में खुशी की लहर है तथा शिक्षकों और छात्रों ने इसे प्रेरणादायी उपलब्धि बताया है।

## जलसहियाओं को जल गुणवत्ता जांच का प्रशिक्षण

**दुमका।** जल जीवन मिशन के तहत दुमका के प्रखंड रामगढ़ में सोमवार को सभी जलसहियाओं के लिए एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल गुणवत्ता निगरानी बढ़ाना और सुरक्षित पेयजल के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक अभियंता रमेश कुमार लोहरा ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शुद्ध जल मानव जीवन का अनिवार्य हिस्सा है और प्रदूषित जल स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने जलसहियाओं को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण के बाद वे अपने-अपने गांवों में सभी जल स्रोतों की फील्ड टेस्ट किट से जांच करें और पांच सक्रिय महिलाओं को यह प्रक्रिया सिखाएं। सभी जांच परिणामों को अनिवार्य रूप से डब्ल्यूक्यूएमआईएस पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

## बीडीओ ने दो शिक्षक का मानदेय किया स्थगित

**रामगढ़, (दुमका) ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कमलेंद्र कुमार सिन्हा ने सोमवार को रामगढ़ प्रखंड परिसर स्थित बीआरसी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, सर्व प्रथम उपस्थिति पंजी की गहन जांच की गई, जिसमें दो रिसोर्स शिक्षक राजीव कुमार गुप्ता और अमित कुमार गुप्ता अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही पर बीडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित शिक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग की और तत्काल प्रभाव से उनका मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया।

# पलायन रोकने व रोजगार बढ़ाने की कवायद तेज, 24 जनवरी को लगेगा रोजगार मेला : डीसी



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सोमवार को रोजगार सृजन, कौशल विकास और श्रमिक कल्याण से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला नियोजन विभाग, श्रम विभाग तथा सरकारी आईटीआई संस्थानों के कार्यों पर गहन चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रोजगार उपलब्ध कराने, स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित करने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए समन्वित एवं प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उपायुक्त ने नवंबर महीने में आयोजित रोजगार मेले की प्रगति की समीक्षा करते हुए चयनित छात्रों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी 24 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाला मेगा रोजगार मेला अधिक प्रभावी और सफल बनाया जाए। इसके लिए बड़े तथा प्रतिष्ठित कंपनियों को आमंत्रित करने, अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने और व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया गया। साथ ही 20 प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों को छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा।

श्रमिक पलायन पर चिंता व्यक्त करते हुए डीसी ने श्रम विभाग, जेएसएलपीएस और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने का निर्देश दिया।

## 10 दिनों से बंद आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाएं होंगी चयनमुक्त : डीसी

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में वृद्धाश्रम, मूक-बधिर विद्यालय, बालक एवं बालिका गृह, रिमांड होम तथा समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उपायुक्त ने वृद्धाश्रम में पेयजल संकट पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने तुरंत जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने का आदेश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि जो सहायिकाएँ अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन नहीं कर रही हैं, उन्हें चयनमुक्त किया जाएगा। 10 दिनों से अधिक समय से बंद आंगनबाड़ी केंद्रों की सहायिकाओं को तुरंत चयनमुक्त करने का निर्देश दिया गया।

## नाबालिग लड़की की तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

संवाददाता

**दुमका ।** जिले के सरैयाहाट थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बिहार में बेच देने के मामले में तीन महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार बीते 6 दिसम्बर को उक्त पिड़िता के दादा ने थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में बताया गया है कि उसकी पोती एक माह पूर्व सिलाई सिखने की बात बोल कर घर से निकली जो वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन किया पर कहीं पता नहीं चला। इस संदर्भ में थाना में सनहा दर्ज किया गया। सनहा के सत्यापन और जांच के क्रम में पुलिस को यह पता चला कि लापता उक्त लड़की मुजफ्फरपुर बिहार में है। इसकी सूचना थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारी को दी। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर थाना प्रभारी ने अविलंब टीम तैयार कर उक्त लापता नाबालिग की खोजबीन के लिए मुजफ्फरपुर (बिहार) के लिये पुलिस टीम को भेजा। इसी बीच 6 दिसम्बर को ही रात्रि में वादी ने थाने में आकर बताया कि उसकी पोती को



80 हजार रुपए में सरैयाहाट मरकुंडा गांव के मोसमात चुड़की देवी, बाबुडीह गांव के पार्वती देवी, गोड्डा बकसरा के पिंकी देवी उर्फ प्रियंका देवी ने मोतिहारी जिले के सगहरी गांव के अरुण सिंह को बेच दिया है। तभी थाना में मामला दर्ज करते हुए मुजफ्फरपुर बिहार निकली पुलिस टीम को इसकी सूचना दी गई। छापेमारी टीम ने अरुण सिंह के घर पर छापामारी कर उक्त पिड़िता को बरामद कर लिया। साथ ही अभियुक्त अरूण सिंह को गिरफ्तार कर थाने ले आई। वहीं पुलिस की दुसरी छापामारी टीम ने सरैयाहाट के मरकुंडा और बाबुडीह सहित गोड्डा के बकसरा गांव में भी छापेमारी कर अन्य तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को चारों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## दुमका की अंजू और ललिता राष्ट्रीय कुश्ती में झारखंड का मान बढ़ाएंगी



**दुमका (संवाददाता) ।** झारखंड की सीनियर महिला कुश्ती टीम ने सोमवार को रांची से अहमदाबाद की उड़ान भरी। टीम 12 से 14 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले सीनियर राष्ट्रीय पुरुष फ्रीस्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में राज्य का गौरव बढ़ाने उतरेगी। दस दिन तक खेलगांव, होटवार में विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न होने के बाद, झारखंड की 10 महिला पहलवान और 4 प्रशिक्षकों की टीम पूरी तरह तैयार है। इस टीम में दुमका की स्टार पहलवान अंजू टुडू (68 किग्रा) और ललिता कुमारी (72 किग्रा) शामिल हैं। साथ ही, दुमका के अफरीद अहमद टीम के प्रशिक्षकों में से एक हैं।

## सिदो कान्हु मेमोरियल क्लब टूर्नामेंट शुरू



**गोपीकांदर ।** सिद्धों कान्हु मेमोरियल क्लब, करूंबा द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सोमवार को शानदार ढंग से शुरू हो गई। क्लब के अध्यक्ष ठाकुर मरांडी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच एफसी कुम्हारबांध फुटबॉल टीम और एफसी दुवारिया फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। यह मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें एफसी कुम्हारबांध ने एफसी दुवारिया को 1-0 गोल से हराकर दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। प्रतियोगिता का फाइनल कल मंगलवार को होना है। विजेता टीम को 20,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि उपविजेता टीम को 15,000 रुपये दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दोनों टीमों को 5-5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

## संथाल परगना में नशे का बढ़ता कहर, आदिवासी समाज में सुरक्षा और संस्कारों पर संकट



ब्यूरो

**दुमका ।** भारत दिसोम आदिवासी संघ सोमवार को आयुक्त से मिलकर संघ ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें कहा गया है कि संथाल परगना प्रमंडल के आदिवासी क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के नाम पर बढ़ते असामाजिक कृत्यों ने समाज में चिंता बढ़ा दी है। भारत दिसोम आदिवासी संघ के मुताबिक, फुटबॉल टूर्नामेंट, रात्री जात्रा ड्रामा, आर्केस्ट्रा और भैंस लड़ाई जैसी गतिविधियों में अवैध शराब और हाड़िया दारू की खुलेआम बिक्री हो रही है। संघ ने कहा कि सुरक्षा की कमी के कारण अपराध और दुराचार की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये गतिविधियां आदिवासी समाज को नशे की दलदल में फंसाकर सामाजिक ढांचे को कमजोर कर रही हैं। आदिवासी क्षेत्रों के चौक-चौराहों पर हाड़िया दारू की दुकानों का 24 घंटे संचालन देखा जा रहा है। इससे स्थानीय लोग संवैधानिक अधिकारों और मानवाधिकारों से वंचित हो रहे हैं। संघ ने कहा कि यदि प्रशासन ने तत्काल कदम नहीं उठाए तो समाज पर गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। संघ की 10-10 सदस्यीय टीमें गुप्त रूप से वीडियो और सबूत जुटाकर प्रशासन को सूचित करेंगी। संघ ने प्रशासन से इन असामाजिक गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है और चेतावनी दी है कि आवश्यक कार्रवाई न होने पर समाज हित में जन आंदोलन किया जाएगा।

## जरमुंडी में 04 जनवरी को मनाया जाएगा सोहराय

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड मुखिया संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों की ओर से आगामी 04 जनवरी 2026 को ब्लॉक मैदान में प सोहराय पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस भव्य आयोजन के आशय को लेकर 12 दिसंबर को प्रखंड मुखिया संघ की एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में जरमुंडी प्रखंड के 27 पंचायतों के मुखिया, प्रखंड प्रमुख, पंचायत जनप्रतिनिधि गण, जिला परिषद सदस्य, वार्ड सदस्य व प्रखंड के सभी सम्मानित मांझी बाबा एवं सभी गांवों के लेखा होड़ बुध्दि जीवी सहित गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## शिक्षक आनंद बाउरी की माता का निधन

**रानीश्वर (दुमका) ।** सोमवार सुबह निमबुनी प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक आनंद बाउरी की माता दुर्गा देवी (87) का उनके सादीपुर स्थित आवास पर निधन हो गया। निधन की खबर फैलते ही पूरे शिक्षक समुदाय और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्गा देवी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं जिनमें उनके पुत्र आनंद बाउरी, पुत्रवधू तरुलता, पुत्री छाया तथा दो पोते मृणाल और मृण्मय शामिल हैं। शोकाकुल परिजनों व शुभचिंतकों ने मयूराक्षी नदी के सिलाजुड़ी त्रिवेणी संगम में उनका अंतिम संस्कार किया। पूरे क्षेत्र में सम्मान और भावपूर्ण श्रद्धांजलियों का माहौल बना हुआ है।

## पेंशन योजनाओं का सामाजिक ऑडिट शुरू

**गोपीकांदर।** राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के सामाजिक अंकेक्षण के लिए सोमवार को प्रखंड के खरौनी बाजार और गोपीकांदर पंचायत में दो दिवसीय शिविर की शुरुआत हुई। शिविर में वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग और अन्य श्रेणी के लाभुक बड़ी संख्या में पहुंचे और अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। खरौनी बाजार पंचायत में वीआरपी जोना टुडू, मुन्ना बबलू हेंब्रम, मुन्ना राय और तेजिना हांसदा ने पेंशनधारियों का सत्यापन किया।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686